अकेले हो तो... विचारों पर काबू रखो और सबके साथ हो... तो जुबान पर काबू रखो...

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 259- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 22 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर



## चीन में फिर फैला कोरोना संक्रमण, फ्लाइट व स्कूल बंद, घर में कैद हुए लोग

**बीजिंग।** भारत में जहां 100 करोड़ कोरोना वैक्सीन डोज लगाए जाने की सफलता की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है, वहीं दूसरी ओर कोरोना वायरस के जन्मदाता देश चीन में एक बार फिर कोरोना संक्रमण बढ़ने लगा है और लगातार सामने आ रहे कोरोना संक्रमण कके मामलों ने नई चिंता बढ़ा दी है। बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए चीन सरकार ने भी सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। चीन में कई घरेलू व वैश्विक उड़ानें रद्द की जा रही हैं, साथ ही स्कूल बंद कर दिए गए हैं। चीन के कुछ शहरों में फिर से लॉकडाउन लगाया जा सकता है। आपको बता दें कि दुनियाभर में कोरोना संक्रमण चीन से फैला था। ऐसे में चीन ने एक बार फिर दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है।

# युद्ध चल रहा हो, तब हथियार नहीं डाले जाते

## अंदाज-ए-मोदी | 20 मिनट में 10 बार आलोचकों को घेरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब शुक्रवार (22 अक्तूबर) को देश के सामने आए तो यही अनुमान थे कि वह कोरोना के सौ करोड़ टीकों की उपलब्धि पर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने भी देशवासियों को इस उपलब्धि की बधाई देते हुए 20 मिनट तक राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। इसके साथ वैक्सीन के अब तक के सफर में आई चुनौतियों और उससे निपटने की भारत की उपलब्धियों को बताते हुए आलोचकों को करारा जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, इस तरह के सवाल थे कि भारत के लोगों को वैक्सीन मिलेगी भी या नहीं? क्या भारत इतने लोगों को टीका लगा पाएगा, जिससे महामारी को फैलने से रोक सके। भांति-भांति के सवाल थे, लेकिन आज ये सौ करोड़ वैक्सीन डोज हर सवाल का जवाब दे रहे हैं। भारत ने अपने नागरिकों को सौ करोड़ वैक्सीन डोज मुफ्त लगाई है। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना की शुरुआत में आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं कि भारत जैसे लोकतंत्र में इस महामारी से लड़ना बहुत मुश्किल होगा। भारत और यहां के लोगों के लिए



यह भी कहा जा रहा था कि इतना संयम और इतना अनुशासन यहां कैसे चलेगा? लेकिन हमारे लिए लोकतंत्र का मतलब है सबका साथ। सभी को साथ लेकर मुफ्त वैक्सीन का अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि गरीब-अमीर, गांव-शहर, दूर-सुदूर देश का एक ही मंत्र रहा कि अगर बीमारी भेदभाव नहीं करती तो वैक्सीन में भी भेदभाव नहीं हो सकता। ऐसे में यह सुनिश्चित किया गया कि टीकाकरण अभियान पर वीआईपी कल्चर हावी न हो। देश ने अपनी एकजुटता को ऊर्जा देने के लिए ताली-थाली बजाई, दीये जलाए। तब कुछ लोगों ने कहा था कि क्या इससे बीमारी भाग जाएगी? लेकिन हम सभी लोगों को उसमें एकता-सामूहिक शक्ति का जागरण दिखा। इसी ताकत ने कोविड वैक्सीनेशन में आज देश को इतने कम समय में सौ करोड़ तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक जमाना था, जब मेड इन ये कंट्री-वो कंट्री, इसी का बोलबाला था। बहुत क्रेज होता था। आज हर देशवासी यह साक्षात अनुभव कर रहा है कि मेड इन इंडिया की ताकत बहुत बड़ी होती है। संबोधन के आखिर में मास्क के बहाने भी आलोचकों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कवच कितना ही उत्तम हो। कितना ही आधुनिक हो। कवच से सुरक्षा की पूरी गारंटी हो, तब भी जब तक युद्ध चल रहा है, तब तक हथियार नहीं डाले जाते।

## फटाफट खबरें



### उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में फंसे 700 से अधिक पर्यटक

**देहरादून।** उत्तराखंड में तीन दिन की मूसलाधार बारिश के कारण आई आपदा के कारण बंद हुए रास्ते भले ही अब खुलने लगे हैं लेकिन कुमाऊं मंडल में अब भी 700 से ज्यादा पर्यटक अलग-अलग कारणों से फंसे हुए हैं। इनमें चार विदेशी पर्यटकों के फंसे होने की बात कही जा रही है। नैनीताल जिले में अब भी 165 से ज्यादा पर्यटक फंसे जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार को ऐसे 40 पर्यटकों को बाहर निकाला। कुछ पर्यटकों की गाड़ी का तेल खत्म हो गया था। कुछ पर्यटक पैदल ही निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

### जहरीली शराबकांड में महिला सहित तीन आरोपियों को रिमांड

**इंदौर।** चर्चित जहरीली शराबकांड में एरोड्रम थाना पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपितों को रिमांड पर लिया है। आरोपितों को मंदसौर पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। महिला के माध्यम से ही मिथाइल एल्कोहल सप्लाय हुआ था। इंदौर में जहरीली शराब से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। एरोड्रम थाना टीआइ संजय शुक्ला के मुताबिक छोटा बांगड़दा स्थित पैराडाइज बार और सपना बार(मरीमाता) पर शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई थीमें दब गए। रात करीब एक बजे पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोगों के घायल होने की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों ने दी है।

### बिहार में सियासी भूचाल: क्या टूट गया महागठबंधन?

**पटना।** बिहार में महागठबंधन के टूटने की खबर आ रही है। इस बात पर मुहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास ने लगा दी है। उन्होंने पटना पहुंचते ही एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि महागठबंधन टूटने का बस अब औपचारिक एलान भर होना बाकी है। कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में अकेले 40 सीटों पर पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने आरजेडी पर साथ नहीं देने का आरोप लगाया। आरजेडी ने महागठबंधन धर्म का पालन नहीं किया। बिहार में दो सीटों पर होने वाले उपचुनाव में पूरी ताकत से लड़ेंगे।






## अमेरिकी एजेंसी का दावा, चुनिंदा देशों की सूची में है शामिल

# भारत विकसित कर रहा दोगुनी क्षमता के हाइपरसोनिक हथियार

**नई दिल्ली।** चीन द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण की रिपोर्ट्स के बाद अमेरिकन कांग्रेस ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत भी उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो हाइपरसोनिक हथियारों को विकसित कर रहा है। दावा किया गया है कि अमेरिका, रूस, चीन के पास सबसे उन्नत किस्म के हाइपरसोनिक हथियार प्रोग्राम हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया, इंडिया, फ्रांस, जर्मनी और जापान भी उन देशों में शामिल हैं, जो हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी को विकसित कर रहे हैं। यह रिपोर्ट तब सामने आई है जब हाल ही में चीन ने हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण कर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को चौंका दिया था।

### रूस के साथ बना रहा परमाणु हथियार

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जहां अमेरिका और



ऑस्ट्रेलिया मिलकर परमाणु हथियार बना रहे हैं तो भारत और रूस भी एक साथ मिलकर इस पर काम कर रहे हैं। दोनों देशों ने मैक-7 हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस-2 में एक दूसरे का सहयोग किया है। पहले ब्रह्मोस-2 का काम 2017 में पूरा होना था, लेकिन नई रिपोर्ट के अनुसार यह 2025 से 2028 के बीच में तैयार होगी। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल प्रोग्राम के तहत दोगुनी क्षमता की स्वदेशी हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित कर रहा है और जून 2019 व सितंबर 2020 में मैक 6 का सफल परीक्षण भी कर लिया है।

### भारत के पास 12 हाइपरसोनिक टनल

अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के पास 12 हाइपरसोनिक टनल हैं, जो मैक-13 तक की गति का परीक्षण करने में सक्षम हैं।

# सीएम ने शहीद कर्णवीर को दी अंतिम विदाई

**सतना।** बुधवार को कश्मीर के शोपियां जिले में आंतकियों से लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए सतना के वीर सपूत कर्णवीर सिंह राजपूत का अंतिम संस्कार





गृहग्राम दलदल में किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बलिदानी के सम्मान में जो बनेगा वह करेंगे। उन्होंने सम्मान निधि एक करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। साथ ही बलिदानी के भाई को सरकारी नौकरी और गांव में स्मारक बनाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने ग्राम दलदल पहुंचकर कर्णवीर सिंह राजपूत की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले प्रयाग (इलाहाबाद) में सेना द्वारा श्रद्धांजलि के बाद फूलों से सजे सेना के वाहन में बलिदानी कर्णवीर का पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से सतना लाया गया। इस दौरान जबलपुर से सेना की एक विशेष टुकड़ी सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदा देने दलदल गांव पहुंची।

# हादसा: दो ट्रकों के बीच दबी कार यूपी के आठ लोगों की मौत

**बहादुरगढ़।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में सुबह चार बजे बादली-गुरुग्राम रोड पर एक भीषण हादसा हो गया। हादसे में आठ लोगों की जान चली गई। हादसा फरुखनगर के पास हुआ, जहां ओवरटेक करने के चक्कर में एक कार आगे और पीछे आ रहे ट्रक के बीच में आ गई। कार में नौ लोग सवार थे। जिनमें आठ की मौके पर मौत हो गई और एक बच्ची की जान बच गई। मृतकों में चार पुरुष, तीन महिलाएं और एक



बच्चा शामिल है। हादसे में मारे गए सभी लोग उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद जिले के गांव अनूप नंगला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जो राजस्थान में गोगा मेड़ी के दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाले। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया है। हादसे की जांच जारी है।

## निर्माणाधीन 60 मंजिला इमारत में लगी आग

**मुंबई।** मुंबई के लालबाग इलाके में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत में आग लगने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक,आग 19वीं मंजिल पर लगी थी, लेकिन अब वह फैलकर 17वीं और 25वीं मंजिल तक पहुंच चुकी है। राहत की बात यह है कि निर्माणाधीन होने के कारण फिलहाल इस इमारत में कोई नहीं रहता था। हालांकि, इमारत में मजदूर मौजूद हो सकते हैं। आग की सूचना पर दमकल की गई गाड़ियां और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच चुका है और आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बांग्लादेश के रोहिंग्या कैंप में गोलीबारी, 7 लोगों की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश के रोहिंग्या कैंप में शुक्रवार को बड़ी वारदात की खबर सामने आ रही है। यहां कैंप पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी गई। इस हमले में सात लोगों के मारे जाने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमला रोहिंग्या कैंप स्थित मदरसे पर किया गया था, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं तीन लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, हमला सुबह-सुबह चार बजे किया गया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके से एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को हमलावर के पास से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद हुआ है। इसके बाद से लगातार पुलिस कैंपों में छापेमारी कर अन्य हमलावरों की तलाश कर रही है।

## अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी मांगी

**भोपाल।** नियमित शिक्षकों की भर्ती के बाद 8 अक्टूबर 2021 की स्थिति में स्कूल लेवल पर अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई है। ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंस के दौरान सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने जिलों में सुनिश्चित करें कि अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी विमर्श पोर्टल पर प्रदर्शित हो जाए। उल्लेखनीय है कि प्राइमरी से लेकर हाई सेकेंडरी स्कूल तक के प्राचार्य द्वारा मार्गदर्शन चाहा गया था कि अतिथि शिक्षक पोर्टल पर रिक्त पद प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं जबकि विद्यालय में पद रिक्त है।

# 15 नवंबर को पीएम मोदी भोपाल आएंगे

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल दौरा कार्यक्रम तय हो गया है। श्री मोदी दिनांक 15 नवंबर 2021 को भोपाल आएंगे। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री इसी समारोह को संबोधित करेंगे। पीएम के प्रस्तावित दौरे के अनुसार वे करीब 2 घंटे भोपाल में रहेंगे। मंत्रालय के सूत्रों का अनुमान है कि इस कार्यक्रम में लगभग 400000 आदिवासी



शामिल होंगे। पुनर्निमित हबीबगंज रेलवे स्टेशन का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री की हाथों कराए जाने की कोशिश की जा रही है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस का कार्यक्रम भोपाल के जंबूरी मैदान में होगा। इसमें करीब डेढ़ लाख आदिवासियों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 से 2 बजे तक रहेंगे। आयोजन की रूपरेखा को लेकर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सक्रिय हो गए हैं। मुख्यमंत्री से डिस्कशन के बाद मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तावित कार्यक्रम भेज दिया जाएगा।

# भोपाल में 8 वर्षीय बच्चे सहित सात पॉजिटिव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कोरोनावायरस के मामले लगातार बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्राइवेट यूनिवर्सिटी के डीन सहित 6 पॉजिटिव मिलने के बाद आज एक 8 साल का बच्चा सहित सात नागरिक पॉजिटिव मिले हैं। हमीदिया अस्पताल में 8 साल का बच्चा कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरेंट्स ने बताया कि दोस्तों के साथ ग्राउंड में खेल रहा था। शाम को लौटकर आया तो उसे बुखार था। डॉक्टर ने वायरल फीवर बताया। एहतियात के तौर पर जांच करवाई थी।




रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कोविड कंट्रोल रूम के अफसरों ने बताया है कि भोपाल मेमोरियल गांधी मेडिकल कॉलेज, गांधी मेडिकल कॉलेज और अन्य लैब में शहर के 7 मरीजों की रिपोर्ट कोविड-19 पॉजिटिव आई है। इन मरीजों के सिरम के सैंपल रेलवे स्टेशन और घरों से लिए गए थे। बुधवार को भी जो लोग पॉजिटिव पाए गए थे उनकी ट्रैवल हिस्ट्री मिली है। ज्यादातर लोग जो यात्राओं से वापस आ रहे हैं, उनमें संक्रमण पाया जा रहा है।

# आर्यन ने अनन्या से पूछा- कुछ जुगाड़ हो सकता है?

**मुंबई** अनन्या पांडे से ड्रग्स केस में पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। अनन्या से गुरुवार को करीब सवा दो घंटे तक पूछताछ चली। गुरुवार को एनसीबी की टीम ने अनन्या के घर रेड डाली थी। इसके बाद उन्हें समन जारी कर पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया। अनन्या को शुक्रवार को 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह तय समय पर एनसीबी के दफ्तर नहीं पहुंचीं। एनसीबी को आर्यन और अनन्या के बीच नशे को लेकर चैट मिली है जिसके बाद एनसीबी ने समन किया था। इस दौरान समीर वानखेड़े ने अनन्या को आर्यन के साथ उनकी ड्रग्स को लेकर बातचीत वाले चैट भी दिखाए। बताया जाता है कि इस चैट में आर्यन अपनी दोस्त अनन्या से पूछते हैं कि कुछ जुगाड़ हो सकता है क्या? इसके जवाब में अनन्या लिखती हैं कि मैं अरेंज



कर दूंगी। माना जा रही है कि आर्यन गांजा को लेकर अनन्या से बात कर रहे थे। जब समीर वानखेड़े ने अनन्या से इस चैट को लेकर सवाल किया तो अनन्या ने कहा कि वह- सिगरेट को लेकर बात कर रही थीं। जब अनन्या से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी ड्रग्स लिया है तो एक्ट्रेस ने साफ इनकार किया।

### ड्रग्स पेडलर पकड़ा गया

उधर एनसीबी इस मामले में एक ड्रग्स पेडलर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एएनआई के अनुसार, एनसीबी ने बताया है कि, हिरासत में लिया गया पेडलर मामले में मुख्य संदिग्ध है जिसका नाम ड्रग्स से संबंधित चैट में सामने आया है। इससे भी खुलासे हो सकते हैं।

## मध्यप्रदेश पंचायत चुनाव के लिए तैयार रहें: EC

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की सभी तैयारियाँ जल्द पूरी करें। माना जा रहा है कि लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव के बाद पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मध्य प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बात कर रहे थे। मध्य प्रदेश में 23 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों के साथ 313 जनपद पंचायत और 52 जिला पंचायतों के चुनाव कराए जाने हैं।



# दमका करवा चौथ का बाजार

**जबलपुर।** करवा चौथ 24 अक्टूबर को है। रात आठ बजकर दो मिनट पर चंद्रोदय होगा। महिलाएं चलनी की ओट पर चंद्रमा के दर्शन कर पति को देख व्रत पूरा करेंगी। त्यौहार के ठीक पहले बाजार में रौनक लौट आई है। साड़ी व कास्मेटिक दुकानों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सराफा व्यापारियों से लेकर कुम्हारों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। करवा चौथ पर इस साल बाजार ने तेजी पकड़ी है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 100 करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। सोना-चांदी खरीदने सराफा दुकानों में जबरदस्त रुझान दिख रहा है। महिलाएं लहंगा, साड़ी, चूड़ी, काजल, पाउडर, सिंदूर से लेकर आभूषण और मोबाइल फोन खरीदने सबसे अधिक डिमांड कर रही है। इस साल कपड़ा बाजार की स्थिति काफी अच्छी है। कपड़ा बाजार में रौनक लौट आई है। करवा चौथ को लेकर महिलाएं उत्साहित हैं। नए वेरायटी और डिजाइन के लहंगा, चोली और साड़ियों की मांग कर रही है। कुम्हारों के चाक पर करवा भी आकार लेकर बाजार में उतर चुके हैं। करवा बनाने वाले कुम्हारों का कहना है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल करवा बनाने दोगुना आर्डर मिला है। रेट भी बढ़ा हुआ है। नई साड़ियों के साथ ही गहने व पूजन सामग्री आदि की खरीदी शुरू कर चुकी हैं। शहर के शनिचरी, बृहस्पति बाजार, देवकीनंदन चौक के पास समेत अन्य जगहों पर पूजन सामग्रियों की बिक्री होने लगी है। वहीं ज्वेलरी से लेकर डिजाइनर व सामान्य साड़ियों की खरीदी भी शुरू हो गई है। इससे इन दुकानों में भी? भी देखने को मिल रही है।



### सरगी में खाएंगी ये चीजें, तो दिनभर नहीं लगेगी भूख प्यास

नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता हैं। नारियल पानी पीने से बार-बार प्यास लगने की समस्या दूर हो जाएगी। करवा चौथ का पर्व हर विवाहित महिला के लिए खास महत्व रखता है। सभी महिलाएं Karwa Chauth पर अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाएं सरगी खाती है, लेकिन पानी के बिना रहना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इसके लिए आप कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन एक दिन पहले ही कर लें, जिससे शरीर में ऊर्जा बनी रहे और पानी की कमी न हो। इसलिए सरगी के दौरान महिलाओं को इन चीजों का सेवन करना चाहिए ।

### कास्मेटिक व मोबाइल की भारी मांग

कास्मेटिक व मोबाइल को लेकर काफी मांग है। करवा चौथ में ज्यादार हसबैंड अपनी पत्नी को मोबाइल गिफ्ट करने आर्डर दिया है। स्पेशल पैकिंग के साथ अन्य उपहार भी दे रहे हैं। वहीं कुंडल, चूड़ियां, पायल, अंगूठी, हार लेकर सिंगार के समान खरीदने महिलाएं रोजाना पहुंच रही है।

### श्रृंगार का समान महंगा, उत्साह बरकरार

श्रृंगार का समान पिछले साल की तुलना में 30 से 40 फीसद महंगा हो चुका है। बाजार से लौटने के बाद शीतल यादव ने बताया कि मेहंदी कोन जहां पिछले साल 40 से 600 रुपये दर्जन में मिला। इस साल 70 से 120 रुपये है। इसी तरह लिपिस्टिक, नेल पालिश, सिंदूर, काजल, फेस पाउडर और मस्करा भी 100 से 1200 रुपये तक मिल रहा है। गांधी चौक निवासी रिता राजगीर ने कहा ढ़ी है लेकिन लोगों का उत्साह भी कम नहीं हुआ है।

### सरगी में सेब खाएं

सेब विटामिन, फाइबर, कैल्शियम, एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। सेब का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी पूरी हो जाती है। शरीर में आयरन की कमी नहीं होती है। 80 प्रतिशत पानी होने से बार-बार प्यास लगने की समस्या से बचा जा सकता है।

### दही

सरगी में दही के सेवन भी फायदेमंद होता है। दही पानी की कमी को पूरा करने का एक अच्छा स्रोत है। 85 प्रतिशत पानी होने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है।

### नींबू पानी

सरगी के दौरान नींबू - पानी का शरबत पीना भी फायदेमंद होता है। नींबू में विटामिन-सी रपूर होता है। करवा चौथ का व्रत रखने से पहले आप सुबह सरगी में नींबू पानी जरूर पीते हैं तो इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और शरीर दिन भर हाइड्रेट रहेगा। इसके अलावा व्रत के दौरान सलाद का सेवन करना चाहिए। अलग-अलग सब्जियों से बने सलाद से भूख-प्यास की समस्या से बचा जा सकता है।

## बड़ेरिया मेट्रोप्राइम अस्पताल के चिकित्सकों का कमाल

### डेढ़ साल के मासूम को दी नई जिंदगी

# मध्य भारत की पहली हार्ट की जटिलतम हाइब्रिड सफल सर्जरी

**जबलपुर,यशभारत।** दमोहनाका स्थित बड़ेरिया मेट्रोप्राइम मल्टी स्पेशियल्टी अस्पताल के डॉक्टरों ने मध्य भारत की पहली हार्ट की जटिलतम हाइब्रिड सर्जरी कर डेढ़ साल के बच्चे को न केवल नई जिंदगी दी, बल्कि उसके माता-पिता को जीने का आसरा दे दिया। टीम भावना और मात्र दो घंटे की मेहनत से चिकित्सकों ने क्रिटिकल हाइब्रिड सर्जरी पहली बार की। बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमा महेश्वर ने पत्रवार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी का रहने वाला मात्र डेढ़ साल का बच्चा, जिसका वजन मात्र पांच-छह किलो था। उसे बार-बार सर्दी जुकाम, सांस में तकलीफ और निमोनिया की वजह से कई बड़े अस्पतालों में बार-बार भर्ती होना पड़ा, लेकिन रत्ती भर का आराम नहीं मिला,तब मेट्रोप्राइम अस्पताल जबलपुर में आकर बच्चे ने एक नई जिंदगी पाई। इस मौके पर डारेक्टर राजीव बड़ेरिया भी मौजूद थे। बच्चे का सफल ऑपरेशन करने वाले बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमा महेश्वर ने बतलाया कि बच्चे को बार बार निमोनिया होने कारण उसकी गहन जांच करने पर पता चला कि बच्चे के हृदय के बेहद निचले हिस्से में लगभग 16 एमएम का बड़ा छेद था जो कि बच्चे के हिसाब से काफी बड़ा था और यह अभी तक डायग्नोज नहीं किया गया था और यही उस मासूम बच्चे की सारी समस्या का कारण था, जिसे लेकर उसके माता पिता काफ़ी परेशान थे। क्योंकि एक-डेढ़ साल में बच्चा 6 से 7 बार एडमिट हो चुका था और उसका वजन भी नहीं बढ़ पा रहा था ।




### एक नये तरह के ऑपरेशन का लिया निर्णय

इस केस को सुलझाना बड़ा ही मुश्किल था, फिर कार्डियक टीम जिसमें डॉक्टर के. एल. उमामहेश्वर, डॉक्टर सुनील जैन, डॉक्टर दिलीप तिवारी डॉक्टर अमजद अली डॉक्टर विनीत चावला और कार्डियक टीम ने निर्णय लिया कि क्यों ना इस ऑपरेशन को एक नए तरीके से किया जाए। और हमने डिसाइड किया कि पहले सर्जन अपना आधा काम करें फिर आधा काम हम करें जिसे दोनों की मुश्किल आसान हो जाए तो सर्जन टीम ने बच्चे के हार्ट को ऊपर निकाला और हमने उसमे डायरेक्ट छल्ला लगाकर ऑपरेट किया और छेद को बंद कर दिया। एक प्रकार से छल्ले से ही छेद बंद कर दिया लेकिन यह ओपन हार्ट सर्जरी के बगैर सम्भव नही था। और इस तरह बच्चा 7 दिन के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया।

### जान का खतरा बना बड़ी चुनौती

बच्चे को ऑपरेट करना भी जरूरी था और जिसमें उसकी जान को खतरा भी हो सकता था। 6 किलो के वजन वाले बच्चे के दो तरह के ऑपरेशन संभव थे, एक लेजर ऑपरेशन जिसने पैर की नस से एक छल्ला बनाकर उसके हार्ट के छेद को बंद करते और दूसरा विकल्प था ओपन हार्ट सर्जरी का, लेकिन वह छेद एक ऐसी निचली और मुश्किल जगह पर था, जहां पर ओपन हार्ट सर्जरी करने में भी बहुत दिक्कत जा रही थी और फेफड़ों पर प्रेशर भी बहुत था। तथा यह बहुत रिस्की भी था । छल्ले के द्वारा भी उसे बंद करना भी बेहद जटिल साबित हो रहा था।

### मेट्रो प्राइम में राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं

ऐसा नहीं है कि इस तरह के ऑपरेशन पहले नहीं हुए। यह ऑप्शन अभी तक बड़े बड़े शहरों के कुछ चुनिंदा अस्पतालों तक ही सीमित थे ऐसा ऑपरेशन अभी तक मध्य भारत में कहीं भी नहीं हुआ था। अगर हम नहीं करते तो बच्चे को चेन्नई ,दिल्ली, हैदराबाद या अहमदाबाद ले जाना पड़ता लेकिन हमारे शहर में भी मेट्रो प्राइम में हम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा आज उपलब्ध करा रहे हैं । ताकि शहरवासियों को इलाज के लिए दूसरे शहरों के चक्कर न काटना पड़े।

# 14 टंकियों से आज नहीं मिलेगा पानी

### ललपुर संयंत्र में चल रहा है सुधार कार्य

जबलपुर। ललपुर जलप्रदाय योजनांतर्गत 55 एमएलडी जलशोधन संयंत्र सुधार कार्य के चलते शुक्रवार को शहर की 14 टंकियों में पानी नहीं भरा जा सकेगा। इस कारण शहर की तकरीबन आधी आबादी को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। ललपुर जलप्रदाय योजनांतर्गत 55 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। संयंत्र में हेडर सुधार का कार्य किया जा रहा है। इन टंकियों से दोनों समय जलापूर्ति बाधित रहेगी। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ललपुर जल शोधन संयंत्र के हेडर का सुधार कार्य शुक्रवार को किया जाना है। जिसके चलते जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उक्त संयंत्र से भरी जाने वाली टंकियां क्रमशः ग्वारीघाट, भीमनगर, शारदा नगर, एसबीआइ कालोनी, चांदमारी तलैया, सिविल लाइन, दंगल मैदान, सिद्धबाबा, मदार छल्ला, भोला नगर, बेलबाग, करिया पाथर, कटंगा एवं कुलीहिल से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उक्त अति महत्वपूर्ण कार्य कराए जाने के कारण क्षेत्रीय नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए निगमायुक्त संदीप जीआर ने खेद व्यक्त किया है।

# गिरने लगा पारा, आ गई गुलाबी ठंड की दस्तक

जबलपुर। हवाओं का रुख बदलने से अब मौसम का मिजाज भी बदलने लगा है। आसमान साफ होने से धूप में चुभन बढ़ गई है। इससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। दिन में हवाओं का रुख पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी रहता है, लेकिन शाम ढलने के बाद उत्तरी हवा चल रही है। इस वजह से पिछले तीन दिनों से न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो दिन तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान इसी तरह बने रहेंगे। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने लगेगी। जैसे ही शाम होती है वैसे ही ठंड बढ़ने लगती है। अब रात 11 बजे के बाद लोगों को घर से निकलना है तो पूरी तरह से गर्म कपड़े पहनकर निकलना पड़ता है। ठंड बढ़ने से अब लोगों को सर्दी जुखाम व सांस संबंधी परेशानी होना शुरू हो गई है। खासतौर से अस्थमा से पीड़ित लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। हवाओं का रुख बदलने से जहां न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज हो रही है, वहां वातावरण से तेजी से नमी कम होने से अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो 1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आज का न्यूनतम तापमान 18 डिसे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि वर्तमान में हवा का रुख उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी हो रहा है। मौसम शुष्क बना रहने से अधिकतम तापमान बढ़ रहा है। साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। अभी दो दिन तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। वर्तमान में अफगानिस्तान और उसके आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ मौजूद है। यह सिस्टम 23-24 अक्टूबर को उत्तर भारत में दाखिल होगा। काफी अधिक तीव्रता वाले इस सिस्टम के असर से उत्तर भारत के पहाड़ों में बारिश के साथ ही बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों में बर्फबारी शुरू हो गई है। हवा भी उत्तरीय हो रही है। रात ढलने के साथ ही जिस तरह से ठंड का अहसास हो रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट देखी जा सकेगी।



# महाकोशल चेम्बर हेल्प डेस्क प्रारंभ

जबलपुर। महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा महाकोशल अंचल एवं जबलपुर के औद्योगिक एवं व्यापारिक विकास के लिएआरंभ की जा रही श्हेल्पडेस्कश् का उद्घाटन संभागीय आयुक्त बी चन्द्रशेखर द्वारा संपन्न हुआ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त कलेक्टर शेर सिंह मीणा थे चेम्बर हेल्प डेस्क आरंभ होने से महाकोशल अंचल सहित जबलपुर के आर्थिक क्षेत्र में नए आयाम प्राप्त होंगे जिसका लाभ सभी क्षेत्रीय जनों को प्राप्त होगाश् चेम्बर हेल्प डेस्क् में सोमवार से शुक्रवार सायं 4 से 6 तक विषय विशेषज्ञयों के साथ वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधि निवेशकों की सहयता हेतु उपस्थित रहेंगे द्य संभागीय आयुक्त द्वारा अपने उद्बोधन में हेल्प डेस्क के प्रति शुभकामनायें व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन की और से सभी प्रकार की सहायता प्रदान कराने का आश्वासन दिया गया। शुभारंभ अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय वर्मा सहित एम एस एम ई् के प्रमुख रजनीश जैन सेंट्रल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक महावीर मीणा स्टेट बैंक के विकास श्रीवास्तव, केनरा बैंक के शंकर शाह सहित अन्य बेंकों के अधिकारी उपस्थित थे । सभी बैंक अधिकारि यों द्वारा उद्योग एवं व्यापार को तत्वरित वित्तीय सहायता चेम्बर के हेल्प डेस्क के माध्यम से प्रदान करने का आश्वासन दिया गया । विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री सुनील त्रिवेदी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आलोक कुमार जैन,सेडमेप के एसएल कोरी आदि ने भी अपने विभागों की तरफ चेम्बर हेल्प डेस्क को पूर्ण सहयोग देना व्यक्त किया । चेम्बर हेल्प डेस्क का लगातार संचालन हेल्प डेस्क संयोजक प्रदीप बिसवारी की टीम द्वारा किया जावेगा साथ ही उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारियों के साथ अखिल चौरसिया संचालक उद्योग प्रकोष्ट की टीम भी उपस्थित रहेगी द्यकार्यक्रम की अध्यक्षता चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा की गई संचालन मानसेवी मंत्री शंकर नाग्देव ने किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश चंडोक ने व्यक्त किया इस अवसर पर चेम्बर पदाधिकारी हेमराज अग्रवालए अखिल मिश्रए अनूप अग्रवालए अनिल जैन पाली, विनोद पहारिया,केवल सावलानी, उमेश परमार, सुनील ठाकुर, सुधीर सोनकर, प्रदीप मंध्यानी,संतोष सावलानी, निशित जैन, मुनीद्र मिश्रा, अनिल बुधरानी, मनोज गुलाबवानी सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति एवं व्यापारी उपस्थित थे ।



# शोभित वर्मा को पीएचडी

**जबलपुर।** मोदी यूनिवर्सिटी ऑफसाइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, राजस्थान द्वारा शोभित वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शोभित वर्मा ने मॉडलिंग एन एनर्जी एफिशिएंट कॉग्निटिव वायरलेस सेंसर नेटवर्क सब्जेक्ट पर इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में अपना शोध कार्य डॉ. विकास रैना के निर्देशन मेंकिर्या आप श्री नवीन वर्मा एव ं श्रीमती अरुणा वर्मा के पुत्र हैं। इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं एवं रोटरी क्लब ऑफजाबालिपुरम में सचिव भी हैं। वर्तमान में आप तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हैं।



## आधुनिक कृषि तकनीक से मशरूम उत्पादन बढ़ा

# ज ने कृ वि वि में आयस्टर मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण

**जबलपुर,** । जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय स्थित पौध रोग विभाग में 3 दिवसीय मषरूम उत्पादन तकनीक पर प्रषिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये संचालक विस्तार सेवायें डॉ. डी.पी. शर्मा ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि एक कमरे में भी मषरूम उत्पादन किया जा सकता है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसकी खेती आसानी से की जा सकती है। किसान भाई खेती के साथ-साथ मशरूम उत्पादन करके अपनी आय में इजाफा कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. शरद तिवारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. यू.के. खरे ने बताया कि आधुनिक तकनीक ने मशरूम उत्पादन आसान तो किया ही है साथ ही उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। डॉ. अलोकराज वासनिकर के मार्गदर्षन में यहां कृषकों के साथ महिलायें भी प्रशिक्षण ले रहीं हैं। कार्यक्रम सहायक कुन्दन मुवेल, गृह विज्ञान विषय की वैज्ञानिक डॉ. विनीता सिंह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के.पी. तिवारी प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रषिक्षण पश्चात् ग्रामीण क्षेत्रों में आयस्टर मषरूम स्पान की उत्पादन युनिट स्थापित की जायेगी, ताकि बड़ी संख्या में ग्रामीणजन लाभांवित हो सके। 23 ता. को प्रषिक्षण का समापन होगा।






# महाधिवक्ता ने लिया आचार्य श्री का आशीर्वाद

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन के साथ दयोदय में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

### मननमती शाखा द्वारा खीर मेवा मिष्टान का वितरण

मननमती शाखा रांझी द्वारा शरद पूर्णिमा व आचार्यश्री विधासागर महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर खीर मेवा मिष्टान का वितरण किया गया है जिसमें सभी बहिनो ने हिस्सा लेकर सभी भाई बहनों को मिष्ठान बाँटा धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया अध्यक्षता श्री मति दीपशिखा जैन कोषाध्यक्ष श्री मति शिप्रा जैन सहकोषाधयक्ष श्री मति मीना जैन धार्मिक मंत्री प्रीति जैन अलका प्रीति जैन ज्योति रोशनी रीना रश्मि सुधा सविता रेणुका आदि बहने शामिल है

## हर्षोल्लास से मनाई गई अजमीढ़ देव जी की जयंती

# सांस्कृतिक आयोजनों की रही धूम

जबलपुर । स्वर्णकार समाज के अराध्य देव श्री महाराज अजमीढ़ देव जी की जयंती का कार्यक्रम उखरी रोड स्थित अग्रवाल बारात घर में जबलपुर स्वर्णकार समाज एवं स्वर्णकार महिला मण्डल के द्वारा सांस्कृतिक आयोजनों के बीच हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया । जबलपुर स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष एड. सुनील सोनी एवं महिला अध्यक्ष अंजना सराफ ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनय सक्सेना अध्यक्षता स्वर्णकार समाजसेवी विनोद सोनी गढ़ाफाटक ने की आमंत्रित अतिथियों में सराफा एसोसिएशन के अ यक्ष राजा सराफ, गोविंद मालगुजार, सागर के पूर्व महापौर अभय दरे, डॉ. विश्वनाथ सोनी, श्रीमती बालेन्दु सोनी, विमला सोनी, शंकर लाल सोनी, राजाराम सोनी, पार्षद मुकेश सराफ, डॉ. नितिन सोनी, राजाराम सोनी, कमलेश करोड़ी पहलवान एवं नारायण दास सोनी, एडवोकेट रविशंकर सोनी आदि अतिथियों ने महाराजा अजमीढ़ देव जी के तेलचित्र पर दीप प्रज्जवल्हित एवं माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया इस अवसर पर बच्चों के द्वारा फैसी ड्रेस एवं डांस प्रतियोगिता महिला मण्डला द्वारा मेंहदी एवं केटवाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विजयी प्रतियोगिताओं को पुरूस्कार वितरण किये गये इस अवसर पर राजेन्द्र सराफ कल्लू, सुशील चांदनी, महेन्द्र छनिया, संतोष सोनी, संजय सिलौड़ी, विनोद सोनी, अजय सोनी, अरूण सोनी, डॉ. राजेश नरवरिया, राजेश सराफ एवं महिला मण्डल की नीता सराफ, श्रीमती राजेश्वरी नरवरिया, कामिनी सोनी, राजश्री सोनी, शोभा सोनी, गीता सोनी, प्रेमलता सोनी, साधना सोनी एवं प्रतिष्ठा सोनी सहित सैकड़ो सामाजिक बंधु उपस्थित रहे । संचालन एड. सुनील सोनी ने किया एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष महेन्द्र छनिया ने किया।






# सर्वश्रेष्ठ 30 छात्र छात्राएं विश्वविद्यालय स्तर चयन शिविर में करेंगी शिकरत

## पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु जिला स्तरीय चयन





**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना जबलपुर के अंतर्गत जबलपुर की जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर 2021 का आयोजन शासकीय महाकोशल में महाविद्यालय प्रो. कपिल देव मिश्र कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, प्रो. लीला भलावी-अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग, प्रो. अशोक कुमार मराठे कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, डॉ प्रभा पुरवार-प्राचार्य शासकीय महाकौशल महाविद्यालय, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी-प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन एवं डॉ आनंद सिंह राणा जिला संगठक एनएसएस के निर्देशन में हुआ इस चयन प्रक्रिया में जबलपुर जिले के लगभग 50 छात्र एवं 50 छात्राओं ने सहभागिता की जिनमें से सर्वश्रेष्ठ 15 छात्र एवं 15 छात्राओं को चयनित कर विश्वविद्यालय स्तर चयन शिविर में भेजा जाएगा जहां पर जबलपुर संभाग के समस्त जिलों में से चयनित स्वयंसेवक सहभागिता करेंगे चयन प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की गई।प्रथम चरण में सर्वप्रथम स्वयंसेवक छात्र छात्राओं का पंजीयन कर उनका ऊंचाई, वजन इत्यादि का विवरण लिया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र हुआ । मुख्य अतिथि प्रोफेसर कपिल देव मिश्र ने कहा कि सभी अच्छा प्रदर्शन करें और अच्छे अंक प्राप्त कर चयनित हो निश्चित तौर पर हर एक छात्र का चयनित होना संभव नहीं है परंतु जिला स्तर पर अपनी संस्था का प्रतिनिधित्व करना भी अपने आप में एक तरह की विजय है। प्रथम चरण का संचालन व आभार डॉ देवांशु गौतम ने किया। दूसरे चरण में समस्त स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षण देते हुए दौड़ की, इसके पश्चात कदमताल (मार्चपास्ट) परेड का परीक्षण प्रारंभ हुआ जिसमें परेड दक्षता चयनकर्ता के रूप में पर्यवेक्षक के रुप में डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. ए सी तिवारी, डॉ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, एनसीसी से शैलेंद्र पांडे, प्रदीप चौहान,डॉ अशोक नायक, लेफ्टिनेंट डॉ. आर. के. झारिया तथा विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. देवांशु गौतम ने उत्कृष्ट स्वयंसेवकों का मूल्यांकन किया। इस दौरान विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ मुकुल तिवारी, डॉ जरीना जॉन चौधरी, डॉ अरुणा, डॉ शिवचंद वलके, डॉ. अभिलाषा शुक्ला, डॉ रश्मि टंडन, डॉ. अखिलेश पाठक, डॉ. रचना सांचा, डॉ प्रज्ञा दुबे, डॉ. अशोक बैनर्जी, शशांक सिंह, राजा तिवारी, अजय मिश्रा, प्रशांत सिंह बेजोर आदि उपस्थित थे।तीसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया जिस सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. ए एल महोबिया, प्राचार्य-शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर एवं अध्यक्षता प्रोफ. प्रभा पुरवार, प्राचार्य-महाकौशल महाविद्यालय, तथा समस्त एन एस एस कार्यक्रम अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ जिसमें सभी स्वयंसेवक छात्र छात्राओं का सांस्कृतिक मूल्यांकन किया गया जिसमें समस्त छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां प्रस्तुत करते हुए एकल नृत्य, एकल गीत, देशभक्ति गायन, कविता पाठ के माध्यम से अपना हुनर एवं दक्षता प्रस्तुत की।

### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवकों में एनएसएस कोर ग्रुप के स्वयंसेवक का छात्र-छात्राओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा जिनमें प्रशांत कुमार चापेकर, रोशन प्रजापति, अरविंद लोधी, अंबिका द्विवेदी, सुयश श्रीवास्त,व अमित शिवहरे, सुबेन्दु मन्ना, निधि उपाध्याय, दीक्षा वर्मा, निखिल गुप्ता आदि ने सराहनीय योगदान दिया।



# बाल्मीकि जयंती पर सम्मान

### विहिप ने किया समाज के पदाधिकारियों का सम्मान

**जबलपुर यशभारत।** महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा अंबेडकर भवन तहसीली चौक में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद रानी दुर्गावती जिले के प्रांत समरसता प्रमुख संतोष चौबे राजेश रैकवार पंकज श्रीवात्री रोहित सिंह ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार बर्मन सहमंत्री उमेश राठौर राजकुमार द्विवेदी आदि ने जयंती मेड्ढ शामिल हो कर समरसता का संदेश दिया।इस मौके वाल्मिकी समाज के पदाधिकारियों का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया । इसी तरह हनुमान प्रखंड काली माता मंदिर भानतलैयों में भी संयोजक गगन यादव के नेतृत्व में विशाल इटोरिया बबलू सोनकर गनपत चक्रवर्ती संजय ठाकुर शरद अग्रवाल मोहन चक्रवर्ती पंडित प्रदीप दुबे डॉ डी पी गूजर एवं प्रशान्त सोधिया आदि ने महर्षि वाल्मीकि जी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के तैलचित्र पर पुष्प हार अर्पित किए। इसी प्रकार हनुमान प्रखंड द्वारा भी शांति नगर में बाल्मीकि जयंती का आयोजन किया गया जिसमें सत्यम रैकवार प्रदीप दुबे प्रशांत सोंधिया शरद सिंह विशाल सिंह मोहन चक्रवर्ती आजेश सौंधिया बबलू सोनकर गणपत चक्रवर्ती संजय ठाकुर आदि ने पूजन अर्चन किया।



# खैरात नहीं, अधिकार चाहिए, 8 प्रतिशत नहीं 19 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की मांग

**जबलपुर।** म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कहा कि प्रदेश के मुख्यिा ने प्रदेश के कर्मचारियों को प्रतिशत मंहगाई भत्ते का झुन-झुना थमा कर आगामी आन्दोलन को कुचलने का असफल प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री जी द्वारा जो 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की घोषणा की गई है।

प्रदेश सरकार द्वारा मात्र 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता ही इस सरकार द्वारा दिया जा रहा है, 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ता पूर्व सरकार द्वारा मार्च 2020 में ही लागू कर गया था, किन्तु असमय सरकार कोरोना के नाम पर जो शोषण किया जा रहा है उससे कर्मचारी व उनका परिवार पीडित है।दो वर्षों में मंहगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद्यतेल. अनाज, परिवहन आदि दो गुने से अधिक बढ़ चुके है किन्तु कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता दो वर्ष पूर्व की दर से ही दिया जा रहा है। इसके विपरित कोरोना के इस संकट में भी विधायक व मंत्रीयों के बंगले व गाडियों पर खर्चो पर अनाशनाप बढोतरी निरंतर जारी है। सरकार के इस दोहरे



बदलने से कर्मचारियों के 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ते पर रोक लगा दी गई. साथ ही 19 माह बाद कर्मचारियों को मात्र 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिये जाने की घोषणा की गई है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं की कितने प्रतिशत किस दिनांक से दिया जाना है तथा उसका एरियर्स पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है आज भी राज्य कर्मचारी केन्द्रीय कर्मचारियों से 19 प्रतिशत पीछे है राज्य शासन द्वारा अपने कर्मचारियों के साथ मापदण्ड से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवघेश तिवारी, अटल उपाध्याय, जवाहर केवट, प्रहलाद उपध्याय, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, आशुतोष तिवारी, आदि ने मुख्यमंत्री महोदय म.प्र.शासन से मांग की है कि केन्द्रीय कर्मचारियों के सामान घोषित तिथियों अनुसार 31 प्रश मंहगाई भत्ता दिया जावे।

# कर्मचारियों की आशाओं में फिरा पानी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को 8प्रतिशत महंगाई भत्ता और 50प्रश वेतन वृद्धि के एरियर की राशि देने की घोषणा की गई है जिससे कर्मचारी नाखुश हैं। क्योंकि इस महंगाई के दौर में कर्मचारी यह आस लगाए बैठे थे कि दीपावली जैसे राष्ट्रीय त्योहार के पहले कर्मचारियों को प्रदेश शासन द्वारा पूरा 16प्रश महंगाई भत्ता मिलेगा और वेतन वृद्धि के एरियर की राशि भी पूरी दी जाएगी परंतु मुख्यमंत्री द्वारा सिर्फ 8 प्रतिशत महंगाई भत्ता अक्टूबर पेड नवम्बर माह के वेतन में जोड़ कर दिए जाने और वेतन वृद्धि का सिर्फ 50त्न राशि भी अक्टूबर पेड नवंबर माह में दिए जाने की घोषणा से कर्मचारियों को निराशा ही हाथ लगी है। जिससे कर्मचारी नाखुश हैं और उनमें रोष व्याप्त है। संघ के प्रांत अध्यक्ष उदित भदौरिया, जिला अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन ,मीनू कांत शर्मा, जिया उरहीम, स्टेनली नॉरबट, हेमंत ठाकरे ,दिनेश गौड़ ,अजय मिश्रा, सुनील झारिया, उमेश ठाकुर, कैलाश शर्मा ,योगेश ठाकरे, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए।



# युवा कांग्रेस ने रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर किया प्रदर्शन

**जबलपुर ।** युवा कांग्रेस के जिला महासचिव अभिषेक सोनकर के नेतृत्व में रसोई गैस के बढ़ती कीमतों को लेकर बेलबाग चौक पर प्रदर्शन किया गया अभिषेक सोनकर ने बताया की जिस तरह पेट्रोल डीजल के बाद रसोई गैस के दाम बढ़ने से इसका सीधा असर आम नागरिकों की जेबो पर पड़ रहा है ऐसे में आम नागरिकों की परेशानियों को देखते हुऐ युवा कांग्रेस आगे आकर भाजपा सरकार की खिलाफ विरोध जता रही है । युवा कांग्रेस इस मूल्यवृद्धि पर चुप नहीं बैठेगी हम जनता के साथ मिलकर सड़कों पर इसका विरोध करेंगे। प्रदर्शन में विक्की सुंदरानी, सोनू बेन, कृष्णा यादव, अभय ठाकुर, तुसार यादव, अनमोल सोनकर, अदनान खान, अंकुश चौधरी, लखन श्रीवास्तव, ओम सोनकर सोनू नामदेव शुभम यादव आदि उपस्थिति रहे।

# शक्तिपुंज एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त, एक दूसरे पर चढ़े डिब्बे

**जबलपुर यश भारत।** बीती रात गोसलपुर रेलवे स्टेशन के पास उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब ग्रामीणों को यह खबर लगेगी ट्रेन एक्सीडेंट हो गया है कुछ ही देर में यह खबर जंगल में आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और दुर्घटना स्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई जबलपुर से हावड़ा जाने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 01447 जबलपुर से 21 अक्टूबर की रात को प्रारंभ होने के बाद लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर गोसलपुर स्टेशन के पास दुर्घटना का शिकार हो गई है। इस दुर्घटना में शक्तिपुंज एक्सप्रेस के सामान्य श्रेणी के 2 डिब्बे पटरी से उतर कर एक दूसरे पर चढ़ गए हैं ।इस घटना में एक दर्जन यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं तथा 01 यात्री के निधन की सूचना प्राप्त हुई है इसके अतिरिक्त अनेक यात्रियों को छुटपुट चोट आई है इस घटना की खबर लगते ही जबलपुर रेल मंडल के सभी विभागों के अधिकारी कुछ ही मिनटों के अंदर विशेष ट्रेन से घटनास्थल पर पहुंच गए और घटना स्थल पर राहत एवं बचाव के कार्य प्रारंभ हो गए हैं। जिसके कारण दुर्घटना में घायल हुए लोगों को समय पर उपचार मिलना प्रारंभ हो गया है और राहत के कार्य से लोगों को सुकून मिल रहा है इसके साथ ही इस ट्रेन में सवार यात्रियों के खानपान एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था रेल प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर ही की गई है।



### मॉक ड्रिल निकली दुर्घटना

यह सारा घटनाक्रम बिल्कुल एक रेल दुर्घटना की तर्ज पर किया हुआ जिसे देखकर कोई भी अनजान आदमी यही अनुमान लगाएगा की गोसलपुर में सुबह जब लोग गुलाबी सर्दी में जकड़े हुए थे तभी यह दुर्घटना हुई है लेकिन घटनास्थल पर मौजूद मंडल रेल प्रबंधक श्री संजय विश्वास ने बताया कि रेलवे द्वारा अपने कार्य के प्रति सजगता एवं तत्परता दिखाने तथा अधिकारियों की एफिशिएंसी को चेक करने के लिए यह एक मॉक ड्रिल का दृश्य एनडीआरएफ के सहयोग से आयोजित किया गया था।

इस मॉक ड्रिल में रेलवे की टीम ने बहुत ही मुस्तैदी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर इसे एक हूबहू दुर्घटना का तरह ट्रीट करते हुए राहत एवं बचाव के व्यापक कार्य किए हैं इस अवसर पर रेल चिकित्सकों की टीम भी अपनी पैरामेडिकल स्टाफ के साथ मौजूद थी तथा ट्रेन की पलटे हुए डब्बे से घायल यात्रियों को उसी तरह उतारा जा रहा था जैसे कि दुर्घटना के समय बचाव के कार्य किए जाते हैं। डिब्बों को काटकर अलग किया गया तथा घायलों को डिब्बों की खिड़कियों से बाहर निकाल कर रेल चिकित्सकों के हवाले किया गया जहां पर चिकित्सकों ने जांच करना मलहम पट्टी लगाने का कार्य किया। गुरुवार एवम शुक्रवार की आधी रात को रेलवे के सायरन की तेज आवाज पर 10 मिनट के बाद ही रेलवे के तमाम विभागों के अमले स्टेशन के निकट राहत गाड़ी मे पहुंच गए तथा यह गाड़ी रात 1 बजे प्रारंभ होकर 25 मिनट के अंदर दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई और फिर बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर इस तरह प्रारंभ हो गया जैसे कि एक बड़ी दुर्घटना हो गई हो।

**राहत एवं बचाव का कार्य रेलवे ने बखूबी निभाया**

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की अनूठी पहल

**जबलपुर यश भारत ।** बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ में चल रहे विवाद के बीच रेल कर्मियों के लिए राहत की खबर है। दरअसल इस बार मजदूर संघ रेल कर्मियों को बोनस के समय दिए जाने वाले एक बैग के स्थान पर दो, एक लेडिस व एक जैन्टस बैग अर्थात प्रत्येक कर्मचारी को दो बैग दे रहा है। मजदूर संघ के फैसले की रेल कर्मी सराहना कर रहे है।संघ के महामंत्री अशोक शर्मा व संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि संघ सदैव कर्मचारियों के हितार्थ कार्य करता है और हमने अनूठी पहल करते हुए हर कर्मचारी को दो बैग देने की शुरूआत की है।उन्होंने बताया कि जबलपुर, भोपाल, कोटा मंडलों, मुख्यालय ,कोटा-भोपाल कारखाना, शैडों, रेल अस्पतालों, स्टेशनों आदि स्थानो पर कार्यरत कर्मचारियों को संघ कार्यकर्ता व पदाधिकारी गिफ्ट देने के साथ ङ्क साथ उनकी समस्याओं को भी सुनने का कार्य कर रहे है। संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय, कोषाध्यक्ष अनुज तिवारी, संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार, मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला, मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, दीना यादव, जेपी मीना, अवधेश तिवारी, आरए सिंह, जीपी सिंह, अनिल चौबे, मंदीप सिंह, दीपक केसरी, एसआर बाउरी, तरुण बत्रा, संदीप श्रोती, श्याम अर्क, रोशन यादव, संतोष त्रिवेणी, आदि ने कहा कि इस वर्ष बोनस गिफ्ट से रेलकर्मियों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही।

**उपहार पाकर खुशी से झूम उठे कर्मचारी**



# ओरिएंटल शिक्षण संस्थान में फाउंडर्स -डे

**जबलपुर।** ओरिएंटल शिक्षण संस्थान समूह, जबलपुर में गत दिवस ओरिएंटल ग्रुप के फाउंडर चेयरमैन स्व. डॉ. के. एल. ठकराल जी की जयंती के अवसर पर फाउंडर्स - डे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भारत माता सरस्वती के - वंदन व दीप प्रज्जवलन के पश्चात अनेक कार्यक्रमों का आयोजन संस्था के कार्यकारी निदेशक इंजी. तरुण कुमार आनंद जी के ओजस्वी व प्रेरक उद्बोधन के साथ हुआ, जिसमें इन्होंने स्व. डॉ. के. एल. ठकराल जी (बाबूजी) की जीवनगाथा का वर्णन किया इसी क्रम में ओ. आई. एस. टी. की प्राचार्या डॉ. मुक्ता भटेले ने अपने अभिभाषण में बाबूजी जैसे महान व्यक्तित्व के संघर्षशील और विकासोन्मुख जीवन से प्रेरणा लेकर छात्रों को अपने जीवन में कैसे उन्नति करना चाहिए यह बतलाया एवं छात्र - छात्राओं ने भाषण गीत ,संगीत व् नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में ओ. आई. पी. एस. के प्राचार्य डॉ. अभय घोड़के व अन्य प्राध्यापकों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रो. अखिल मुले एवं प्रो. पुष्पा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र - छात्राओं का योगदान रहा।

# रेलवे अस्पताल में अब आधुनिक एंडोस्कोपी मशीन से होगा इलाज

**जबलपुर।** रेलवे अपने कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए रेलवे जोन के तीनों मंडल मुख्यालय में स्थापित अस्पतालों को आधुनिक उपकरणों से लैस करने में जुटा है। कोविड के बाद पश्चिम मध्य रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय जबलपुर म जहां ऑक्सीजन प्लांट स्थापित हो चुका है। वहीं अब ईएनटी की समस्याओं को देखते हुए अत्याधुनिक एंडोस्कोपी मशीन भी स्थापित की गई है। नई आधुनिक तकनीक की फंक्शनल एंडोस्कोपी साइनस सर्जरी सेट मशीन की मदद से जटिल ऑपरेशन संभव हो सकेगा।इस मशीन में वाइड ऐंगल एंडोस्कोपी और आधुनिक उपकरण है। इससे ईएनटी सर्जरी में सटीक और बिना बाहरी निशान छोड़े सर्जरी हो सकती है। इस एंडोस्कोपी सेट मशीन को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिसकी मदद से जटिल हिस्सों में अधिक सटीकता के साथ सर्जरी की जा सकती है। इसका उपयोग नाक और पैरानॉजल साइनस की पैथोलॉजिकल इलाज के रूप में भी किया जा सकता है। वर्तमान में कोविड के इलाज के बाद ब्लैक फंगस के मरीजों के इलाज में भी इसकी मदद से इलाज किया जा रहा है।


**वैदिक ज्योतिष समाधान**

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/प्रापर्टी विवाद, पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM



**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय चन्द्रविजय अग्रणी महाविद्यालय डिण्डौरी, म.प्र**

(NAACACCREDITED B GRADE)

फोन नं. 07644-234008 फैक्स नं.- 07644-234747
ई-मेल-principal.dindori@gmail.com बेवसाइट-www.mp.gov.in/highereducation/gdedindori

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

कार्यालय प्राचार्य चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी मध्यप्रदेश
दूरभाष क्रमांक 07644-234008 ई- मेल-hegccdin@mp.gov.in
principal.dindori@gmail.com
जेम पोर्टल के माध्यम से डेस्कटॉप कम्प्यूटर,
मल्टी फंक्शनल प्रिन्टर एवं यूपीएस क्रय संबन्धी विज्ञप्ति

शासकीय महाविद्यालय गाडासराई हेतु डेस्कटॉप कम्प्यूटर, मल्टी फंक्शनल प्रिन्टर एवं यूपीएस क्रय संबंधी कार्यवाही जेम पोर्टल के माध्यम से बिड क्रमांक **EM/2021B/1585807** दिनांक 08.10.2021 द्वारा की गई है। इच्छुक फर्म जेम पोर्टल से दिनांक 08.10.2021 से बिड समाप्ति दिनांक 29.10.2021 समय सायं 06:00 बजे तक आवेदन कर सकते है।

प्राचार्य शासकीय
चन्द्रविजय महाविद्यालय
G- 18434/ 21 डिण्डौरी


# मंगल कलश यात्रा व चरण पूजन के साथ शुरू हुआ मां महाकाली प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ



**जबलपुर।** श्री सुधा सागर विहार कॉलोनी आरटीओ दफ्तर के पास पाटन रोड पर श्री महाकाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभारंभ दिवस मंगल कलश यात्रा निकाली गई। देवी मां के रजत चरण का पूजन किया गया । शोभा यात्रा क्षेत्र भ्रमण करती हुई आयोजन स्थल पर पहुंची द्य इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक पंडित सुधीर दुबे शास्त्री अभिनव सिंह यादव ईश्वर सिंह ठाकुर दुर्गेश दुबे अजय चौरसिया मोनू साहू राजकुमार रजक सहित 108 देवी स्वरूप माताएं पीले वस्त्र धारण किए मंगल कलश लेकर शामिल हुई। इसके पश्चात मंडप प्रवेश वरुण पूजन देव आवाहन अरणी मंथन अग्नि पूजन एवं जलाधिवस् किया गया ।

# पमरे मुख्यालय में हिंदी वाक प्रतियोगिता'

**जबलपुर यश भारत ।** पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय में मुख्य राजभाषा अधिकारी, रविशंकर सक्सेना के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कोविड-19 संबंधी सुरक्षा निदेशों का पालन करते हुए 'अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं' के द्वितीय दौर का आयोजन किया । इसी क्रम में ''कोविड-19 आपदा में अवसर की तलाश'' विषय पर 'हिंदी वाक प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। । आयोजित प्रतियोगिता में मुख्यालय स्तर/मंडल स्तर पर आयोजित प्रथम दौर की प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिताओं में कौशिक सेनगुप्ता, कार्यालय अधीक्षक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब कौशिक सेनगुप्ता रेलवे बोर्ड स्तर पर आयोजित होने वाली तृतीय दौर की 'अखिल रेल हिंदी वाक प्रतियोगिता' में पश्चिम मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# रोटरी क्लब द्वारा कम्प्यूटर वितरण




**जबलपुर।** रोटरी क्लब एक्सीलेंस द्वारा महर्षि दयानंद स्कूल को बच्चों की कम्प्यूटर शिक्षा देने के लिए कम्प्यूटर प्रदान किए गए। इस मौके पर अभिषेक केशरवानी, सचिव मयंक ठाकुर, अभिषेक ओसवाल, अमित जैन, जयंत गुप्ता आदि मौजूद थे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा0प्र0क्र0/ 1979/अ-6/21-22
जबलपुर, दिनांक 7/10/21

**//आम इश्तहार//**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीरज कुमार बड़ेरिया पिता स्व. गोपालदास बड़ेरिया निवासी म.नं. 604 होरिजोन, हिमाबाड़ी रोड, पुणे महाराष्ट्र द्वारा ग्राम रिमझा नं.बं. 397 प.ह.नं. 79 राजस्व निरीक्षक मंडल जबलपुर में स्थित खसरा नं. 12/1,14, 17,18 बगैरा का भाग रकवा 1560 वर्गफुट/भूमि पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 19/11/2019 के माध्यम से क्रय की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि श्री चौधरी प्रमोद कुमार जैन पिता स्व. बाबूलाल जैन के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 8/11/21 तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 7/10/21
पेशी दिनांक 8/11/21

अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल जबलपुर



**आवश्यकता है**

ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।

संपर्क
श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर
मालगुजार परिसर के पहले
मो.9977112211
मिलने का समय- दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक



**क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक**

डॉ. शंकर हब्लानी बी.डी.एस. (इन्दौर) दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने, सतना बिल्डिंग जबलपुर।
मो.9340734722, 8989804354

विशेषतायें- रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट, फिक्स दांत- सिरेनिक, दांतो की सफाई, बत्तीसी, पायरिया इलाज, फिक्स ब्रेसेस



## संपादकीय

# सतर्कता से ही सीमाएं रहेंगी सुरक्षित

सीमाओं पर बढ़ते चीनी सैन्य अभ्यास, पूर्वी क्षेत्र में सैनिकों की तैनाती और उकसाने वाली गतिविधियों के बाद भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को तेज किया है। सेना की तरफ से कहा भी गया है कि हम किसी भी आकस्मिक चुनौती का मुकाबला करने के लिये तैयार हैं। बाकायदा अरुणाचल में पूर्वी सेना कमांडर द्वारा मीडिया को दी गई जानकारी में कहा भी गया कि पड़ोसी देश को स्पष्ट संदेश है कि हम उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिये तैयार हैं। निस्संदेह कड़ाके की ठंड बढ़ने के साथ ही वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चौकसी का काम बेहद चुनौतीपूर्ण हो जायेगा। लेकिन हालात उच्चतम स्तर की सतर्कता बनाये रखने की मांग करते हैं। हाल ही के दिनों में चीनी सैनिकों द्वारा अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर और उत्तराखंड के बाराहोती सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश चिंता बढ़ाने वाली है और सतर्कता की जरूरत बताती है, जिसका निष्कर्ष विश्व बिरादरी को बताना भी जरूरी है कि वास्तविक हमलावर कौन है जबकि बीजिंग तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता रहा है। हालिया दौर की सैन्य वार्ता में जैसी नीयत चीन ने दिखायी, उससे विवादास्पद बिंदुओं पर गतिरोध समाप्त होने की संभावना कम ही नजर आ रही है। हालांकि भारत ने राजनयिक व सैन्य बातचीत के सभी विकल्प खुले रखते हुए गेंद चीन के पाले में डाल दी है। लेकिन उसके साथ ही चीन से लगी सीमा पर सजगता-सतर्कता भी बढ़ा दी है। हवाई चौकसी के साथ ही मानव रहित विमानों की तैनाती से चीन की करतूतों पर निगाह रखी जा रही है, जिससे रात-दिन सीमा पर विषम परिस्थितियों में चौकसी में जुटे सैनिकों का मनोबल व साथ ही दुश्मन का कारगर मुकाबला करने का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। वैसे भी अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम से लगी 1350 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा की चुनौतीपूर्ण निगरानी तकनीकी क्षमता बढ़ाये बिना संभव भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने की रणनीति ही चीन को सामरिक बढ़त हासिल करने की कोशिश से रोक सकती है। बीते सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल में सेला सुरंग के निर्माण को अंतिम रूप दिया, यह सुरंग वर्ष 2022 तक तैयार हो जायेगी। इस सुरंग का मकसद रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तवांग में सैनिकों की आवाजाही तेज करना ही है। जिस तरह से सीमा पर चीन ने सैनिकों के लिये स्थायी निर्माण कर लिये हैं और जैसे वह सैन्य अभ्यास कर रहा है तो भारत कनेक्टिविटी के मामले में पीछे कैसे रह सकता है। हमारी चूक के कारण ही चीन ने वर्ष 1962 में जख्म दिये थे। उसके बाद छल करके 2020 में भी गलवान संघर्ष के कड़वे सबक दिये। अपनी सुरक्षा तैयारियों से हम कोई समझौता नहीं कर सकते। वह भी तब जबकि पिछले एक वर्ष से सीमा पर गतिरोध कायम है। चीन की नीयत में खोट का पता इस बात से पता चलता है कि पूर्वी लद्दाख में विवाद का निपटारा हुआ नहीं है और वह दूसरे इलाकों में भी तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। हाल ही में उसके सैनिकों ने जिस तरह सीमाओं का अतिक्रमण करने का प्रयास किया, उससे उसके नापाक इरादों का पता चलता है। सिक्किम व अरुणाचल की सीमाओं पर बढ़ती सैन्य गतिविधियां आसन्न चुनौती की ओर इशारा कर रही हैं। कहीं न कहीं चीन सीमा पर स्थायी निर्माण करके भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की फिराक में है। आज का भारत 1962 के भारत से बहुत आगे निकल गया है और गलवान संघर्ष में भारतीय वीरों का करारा जवाब उसे याद रखना चाहिए। लेकिन सचेत रहने की जरूरत है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास चीन जिस तरह अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, वह उसकी किसी लंबी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। चीनी सैनिकों की लगातार बढ़ती गश्त इन्हीं आशंकाओं की ओर इशारा कर रही है। तवांग में भारतीय व चीनी सैनिकों का आमना-सामना इस कड़ी का हिस्सा है।

# इसलिए भारत आएंगे करोड़ों बौद्ध पर्यटक

भारत में बीते कुछ सालों के दौरान बहुत से नए हवाई अड्डे चालू होते रहे हैं और आने वाले समय में यह सिलसिला तो जारी ही रहेगा। प्रधानमंत्री जी तो देशभर में 200 से ज्यादा हवाई अड्डों का जल बिछा देने का संकल्प लिये हुये हैं द्ध लेकिन, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अपने आप में विशेष महत्व रखता है। इसके चालू हो जाने से बौद्ध देशों से तीर्थयात्रियों को भारत में लाने में भारी मदद मिलेगी। इसके चालू होने से दुनिया के बौद्ध धर्म को मानने वाले अनेक देशों में रहने वाले बौद्ध के अनुयायी उनके परिनिर्वाण स्थल (वह स्थान जहां बौद्ध ने अंतिम सांस ली थी) की यात्रा आसानी से कर सकेंगे। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए हवाई अड्डे का उदघाटन कर रहे थे तब वहां पर श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के पुत्र और कैबिनेट मंत्री नमल समेत दक्षिण कोरिया,थाईलैंड, सिंगापुर,वियतनाम,जापान आदि देशों के डिप्लोमेट मौजूद थे। इनकी उपस्थिति ही इस बात की गवाही है कि बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों के लिए कुशीनगर हवाई अड्डे का कितना महत्व है। यदि आप कभी थाईलैंड या श्रीलंका नहीं गए तो सच में आपको यकीन नहीं होगा कि वहां के बुद्ध मंदिरों में हर समय बौद्ध देशों के हजारों पर्यटक आ-जा रहे होते हैं। ये भगवान बौद्ध की मूर्तियों के दर्शन करके अभिभूत होते रहते हैं। ये स्थिति तब है जब इन देशों का बौद्ध धर्म से कोई सीधा संबंध नहीं है। श्रीलंका तो यह स्वीकार करता है कि बौद्ध धर्म उसे उपहार में भारत से ही मिला।

बहरहाल, कुशीनगर,श्रावस्ती और कपिलवस्तु के आसपास बौद्ध सर्किट को विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश,बिहार,गुजरात और आंध्र प्रदेश में कई बौद्ध सर्किट परियोजनाओं को चालू किया जा चुका है। आप जानते हैं कि पर्यटन का क्षेत्र उन क्षेत्रों में से एक है जो कोविड महामारी से सबसे पहले और बुरी तरह प्रभावित हुआ। अब चूंकि हालात सुधर रहे हैं तो माना जा सकता है भारत के बौद्ध सर्किट से जुड़े स्थानों पर विदेशी पर्यटकों की आवक तेजी से बढ़ेगी।

देखिए भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। हमें यह सोचना होगा आखिर हम बौद्ध की भूमि होने के बावजूद दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों को आकर्षित करने में अभी तक क्यों कमजोर रहे। भारतीय बौद्ध विरासत दुनिया भर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत रुचिकर है। कुशीनगर बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। भगवान बौद्ध ने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया जो भारत के सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों में से एक है। कुशीनगर में प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में बौद्धों के लिए सबसे पवित्र मंदिरों में से एक प्राचीन महापरिनिर्वाण मंदिर, रामभर स्तूप,कुशीनगर संग्रहालय, सूर्य मंदिर,निर्वाण स्तूप,मठ कुआर तीर्थ,वाट थाई मंदिर, चीनी मंदिर,जापानी मंदिर आदि शामिल हैं। लेकिन फिर भी हमारे देश में अन्य कुछ देशों की तुलना में बहुत कम ही बौद्ध पर्यटक आते रहे हैं। इसका कारण है कि हमारी पूर्व सरकारों ने मु?ल स्मारकों को जिस प्रकार महिमामंडित किया, जो वास्तव में हमारी गुलामी की याद दिलाते थे, बौद्ध स्मारकों को संरक्षित और संवर्धित नहीं किया जो हमारी आध्यात्मिक समृद्धि के प्रतीक थे।

बौद्ध पर्यटक भारत में दो-तीन हफ्ते गुजारते ही हैं। बोधगया से वैशाली, सारनाथ से कुशीनगर का चक्कर लगाते ही रहते हैं द्ध कुछ तो नागपुर की दीक्षा भूमि भी जाकर देखते हैं जहाँ डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी द्ध मोदी सरकार ने अब सोचना शुरू किया है कि भगवान बुद्ध को मानने वाले देशों से पर्यटकों को भी भारत लाना है। यह पर्यटकों का एक बहुत ही बड़ा समूह है। दुनियाभर में फैले करोड़ों बौद्ध धर्म के अनुयायियों को अभी तक तो हम भारत के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों की तरफ लाने में तो बुरी तरह असफल ही रहे हैं। यह एक सच्चाई है।अकेले थाईलैंड में ही हर साल साढ़े चार-पांच करोड़ पर्यटक आते हैं। श्रीलंका में भी इसी प्रकार आते हैं तो हमारे भारत में जो बौद्ध धर्म का केंद्र है, पर्यटक क्यों नहीं आते ? यह एक विचारणीय प्रश्न है ? जान लें कि बोधगया और उससे सटे बुद्ध सर्किट के शहरों-राजगीर और नालंदा, वैशाली, वाराणसी, सारनाथ और कुशीनगर का दौरा करने वाले सभी पर्यटक साल भर में मोटा पैसा भी खर्च करते है जो स्थानीय अर्थ व्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है ।

भारत बुद्ध पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के स्तर पर भारत थाईलैंड से बहुत कुछ सीख सकता है। वहां नए-नए बुद्ध तीर्थ स्थल विकसित हो रहे हैं, उसी तरह से हमें भी बौद्ध सर्किट पर विकास करने होंगे। हमने कुछ तो किए भी हैं। उदाहरण के रूप में राजधानी दिल्ली के मंदिर मार्ग पर स्थित महाबोधि मंदिर है। यह दिल्ली का पहला बौद्ध बुद्ध मंदिर है। इसका उदघाटन महात्मा गांधी ने 1939 में किया था। यहाँ भगवान बौद्ध की एक सुंदर मूर्ति स्थापित है। इसके साथ ही हमें राजधानी में स्थित लद्दाख बौद्ध विहार को भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए विकसित करना होगा। बौद्ध विहार के साथ लद्दाख का नाम पढ़कर आपको हैरानी हो सकती है। दरअसल इस बौद्ध विहार के लिए केन्द्र सरकार ने दिल्ली में रहने वाले लद्दाख के बौद्ध समाज के लोगों को जगह आवंटित की थी। ये 1963 की बात है। आप यहां कश्मीरी गेट के मेट्रो स्टेशन से भी पहुंच सकते हैं। यहाँ भी भगवान बौद्ध की सुंदर प्रतिमा स्थापित है। मंदिर में कई छोटे प्रार्थना पहिए लगे हुए हैं। एक बड़ा पहिया मंदिर के मुख्य द्वार पर लगा हुआ है। यहां के सारे वातावरण में आध्यात्मिक शांति मिलती है। इसके आगे यमुना नदी बहती है। दिल्ली की भागम भाग भरी जिंदगी के बीच यहां पर कुछ लम्हें गुजार लेना चाहिए। लद्दाख बौद्ध विहार में एक समृद्ध लाइब्रेरी भी है।बेशक, कुशीनगर हवाई अड्डा के शुरू होने के बाद कुशीनगर के लिए पर्यटन के अवसरों में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश और बिहार के बौद्ध तीर्थयात्रा सर्किट विशेष रूप से श्रीलंका,जापान, ताइवान, दक्षिण कोरिया, चीन और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से पर्यटकों के आने का सिलसिला तेज होगा। अब भारत का पहले लक्ष्य यह होना चाहिए अगले पांच सालों में भारत में बौद्ध देशों से कम से कम एक करोड़ पर्यटक तो हर साल आ ही जाएं। इसके लिए हमें बौद्ध से जुड़े तीर्थ स्थलों के आसपास की सड़कों और होटलों को विश्व स्तरीय बनाना होगा। अगर हम एक बार इस दिशा में कायदे से पूँजी निवेश कर देंगे तो हमें बहुत लाभ होगा। सबसे बड़ा लाभ तो ये होगा कि स्थानीय नवयुवकों के रोजगार के अवसर बहुत बढ़ जाएंगे।

आर.के. सिन्हा

## नवोन्मेषी किफायती तकनीक हेतु 'इको ऑस्कर'

ऐसे वक्त में जब दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है और कृषि उत्पादों के अवशेष जलाने से बड़ा संकट पैदा हो रहा है, एक भारतीय युवा उद्यमी ने इस दिशा में सार्थक पहल करके दुनिया के सामने कारगर समाधान पेश किया है। दिल्ली के युवा उद्यमी विद्युत मोहन ने फसल के अवशेषों के पर्यावरण अनुकूल निस्तारण और बिक्री योग्य जैव उत्पादों में बदलने की परियोजना को मूर्त रूप दिया है। उनकी इस पहल को दुनिया ने भी हाथो-हाथ लिया है। बीते रविवार लंदन में प्रिंस विलियम द्वारा आरंभ किये गए पहले 'अर्थशाट प्राइज' से लंदन में आयोजित भव्य समारोह में विद्युत मोहन को सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को 'इको ऑस्कर, की भी संज्ञा दी जाती है, जिसके अंतर्गत उन्हें दस लाख पाउंड की नकद राशि भी प्रदान की गई। दरअसल, मोहन के नेतृत्व वाली 'टाकाचार' परियोजना के अंतर्गत खेतों में फसल काटने के बाद बचे अवशेषों को ऐसे जैव उत्पाद में बदला जाता है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय हो सके, साथ ही वे खेतों में पराली आदि फसलों के अवशेषों को न जलायें। इस नवोन्मेषी किफायती तकनीक के लिये 'हमारी स्वच्छ वायु' श्रेणी में मोहन को सम्मानित किया गया। दरअसल, पूरी दुनिया में व्याप्त जलवायु संकट के चलते ड्यूक आफ कैंब्रिज विलियम ने धरती को बचाने के प्रेरणादायक प्रयासों में लगे लोगों को प्रोत्साहित करने के लिये यह पुरस्कार शुरू किया है। प्रिंस विलियम ने कहा भी कि हमारे पास समय कम है, लेकिन मनुष्य का ऐसे जटिल संकटों का समाधान निकालने का गौरवशाली अतीत रहा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण एजेंसी ने भी बीते साल इस 29 वर्षीय भारतीय उद्यमी को 'यंग चैंम्पियंस ऑफ द अर्थ' विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया था। यह पुरस्कार उन्हें नये विचारों व नवोन्मेषी प्रयास के जरिये पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिये काम करने पर दिया गया था। दरअसल, मोहन की इस तकनीक 'टाकाचार' को इसलिये पुरस्कृत किया गया क्योंकि ये धुएं को उत्सर्जन को कम करने की पहल करती है, जिससे वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने का मकसद पूरा होता है। यदि इस तकनीक का पूरी दुनिया में इस्तेमाल हो तो एक अरब टन तक कार्बन डाइऑक्साइड की कटौती संभव है। इस तकनीक को भारत में पराली संकट के समाधान की दिशा में बड़ी पहल बताया जा रहा है, जो अंतत- किसानों की ही जीत कही जाएगी। वास्तव में 'टाकाचार' ने किफायती व छोटे पैमाने पर उपयोग में लायी जा सकने तथा खेतों में ट्रैक्टरों से जोड़कर उपयोग की जाने वाली तकनीक विकसित की है। दरअसल, यह मशीन फसलों के अवशेष को बिक्री योग्य जैव उत्पादों, मसलन ईंधन और उर्वरक में बदलती है। ऐसे में यह तकनीक दुनियाभर में हर साल पैदा होने वाले 120 अरब डॉलर के कृषि अपशिष्ट पदार्थों को किसानों के लिये नयी आय के जरिये में बदल सकती है क्योंकि किसान अवशेषों को बेच नहीं पाते और मजबूरी में जला देते हैं। इतना ही नहीं, लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के चलते किसानों को विभिन्न देशों के कानूनों के मुताबिक दंडित भी किया जाता है। बल्कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक चेताते हैं कि फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण से लोगों की उम्र एक दशक तक कम हो जाती है। भारत भी इस संकट से दो-चार है और साल के आखिरी दो-तीन महीनों में देश की राजधानी गहरे वायु प्रदूषण के संकट में तब आ जाती है जब आसपास के राज्यों के किसान खेतों में पराली जलाते हैं। हालांकि, इस प्रदूषण में पराली के अलावा अन्य कारकों की भी बड़ी भूमिका होती है।दरअसल, विद्युत मोहन का सामाजिक उद्यम टाकाचार इस दिशा में काम कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि प्रदूषण फैलाने वाले कारकों पर सामाजिक सहभागिता से नियंत्रण किया जाये। वे चाहते हैं कि देश के दूर-दराज के इलाकों में किसान कृषि अपशिष्टों को रिसाइकल करके अतिरिक्त आय का अर्जन करें और पर्यावरण संरक्षण में जिम्मेदार भूमिका निभायें। इन्हीं कोशिशों को संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संस्था ने भी प्रोत्साहित किया और विद्युत मोहन को 'यंग चैंम्पियंस ऑफ द अर्थ' दिया था। बीते वर्ष यह पुरस्कार देने के बाद यूएनईपी ने कहा था कि मोहन जैसे युवा जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण की दिशा में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। विद्युत मोहन की 'टाकाचार' पहल किसानों से धान की भूसी, पराली व नारियल के छिलके लेकर उन्हें चारकोल में परिवर्तित करती है, जिससे किसान उसे जलाने को मजबूर नहीं होते। वर्ष 2018 में शुरुआत के उपरांत विद्युत मोहन व कंपनी के सह संस्थापक ने साढ़े चार हजार किसानों के साथ मिलकर पहल की और तीस हजार टन कृषि अपशिष्ट का निस्तारण किया। निस्संदेह पेशे से इंजीनियर विद्युत मोहन की यह कोशिश पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरक पहल है, जिसने किसानों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया है। निस्संदेह इस पहल से विकासशील देशों में आर्थिक विकास के लक्ष्य हासिल करने तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल असर डालने वाली गतिविधियों को नियंत्रित करने में संतुलन बनाने की राह मिलेगी। तभी हम प्रकृति का संरक्षण करते हुए स्थायी विकास के लक्ष्य हासिल कर सकेंगे।

अरुण नैथानी

# आपका राशिफल 23 अक्टूबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत:आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

## फिल्म वर्ग पहेली- 5568



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक ?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक ?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5567



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6131

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## प्रेरक प्रसंग

# जब अशिक्षित महिला ने बदली गांव की तकदीर



महाराष्ट्र में बीड़ जिले की परभणी तहसील के एक छोटे से गांव डुकरे के उत्थान की कहानी जरा हट के है। विगत 15 वर्षों से यहां की ग्राम पंचायत महिला पंचों के द्वारा संचालित की जा रही है। राजनीति से दूर समाज के लिए ही काम का संकल्प लेने वाले मानव अधिकार अभियान के एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एकनाथ आव्हाड़ का अशिक्षित धर्मपत्नी जीजीबाई उर्फ गयाबाई एकनाथ आव्हाड़ ही पिछले पंद्रह वर्षों से इस गांव की सरपंच है।एकनाथ के सरपंच न बनने के संकल्प की वजह से ही गांववालों ने उनकी पत्नी को गांव का सरपंच चुना। तीन बच्चों की अशिक्षित मां ने परिवार नियोजन के ऑपरेशन के बाद ही पढ़ने का दृढ़ संकल्प लिया और शिक्षित होने के बाद दूसरों को शिक्षित बनाने का फैसला किया। गयाबाई की सरपंची वाले इस गांव में आदर्श शाला भवन, सामान्य सुविधावाला हॉस्पिटल, पक्की सड़कें, जल के लिए घरों में नल की व्यवस्था और बिजली की व्यवस्था है। इस गांव की एक विशेषता यह भी है कि आरक्षण न होने के बावजूद यहां पर सभी महिला पंच समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है।गांव के सभी लोग मिल-जुलकर रहते हैं और सभी त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। साथ ही गांव में किसी एक व्यक्ति के यहां अगर किसी प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है तो गांव के सभी लोग उस आयोजन को अपना समझकर शिरकत करते हैं। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर सरपंच ही गांव में झंडावंदन करती है। सरपंच गयाबाई वर्तमान में बीड़ जिला जनपद के जनकल्याण विभाग की अध्यक्ष भी है।



## विचार प्रवाह

कोई अच्छा कार्य करो तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना। उसका श्रेय अपने मां बाप को दे देना, अपने प्रभु, अपने गुरु को दे देना। श्रेय अपने पास रखोगे तो इससे अहंकार पैदा होगा। और कभी कोई काम बिगड़ जाये तो उसकी जिम्मेदारी खुद अपने ऊपर ले लेना। इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगी एक बड़े पाप से भी बच जाओगे। लेकिन तुम इतने बेईमान हो कि कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते होमेरी वजह से हुआ है और कभी कुछ बुरा हो तो उसके लिए कभी पत्नी को, कभी बच्चों को तो कभी किसी और को जिम्मेदार ठहराते हो। यह कैसी नाइंसाफी है?

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7153



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय,अभिव्यक्ति-3
3. सादापन,भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी,कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार,उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक,रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न,निकृष्ट-4
25. कथा,गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान,नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक,यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन,व्यस्त,मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला,उन्मादी-4
16. चाचा,अंकल-2
18. पैंतरा,वेग-2
19. काफी,कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

शब्द पहेली -7132 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




# रात में ठंड बढ़ी, दो दिन बाद बढ़ने लगेगा प्रदेश में तापमान

**भोपाल।** हवाओं का रुख बदलने से मौसम का मिजाज भी बदलने लगा है। बादल छंटने से धूप में तल्खी बढ़ गई है। जिससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। उधर रात के समय हवा का रुख उत्तरी होने से न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज होने लगी है। इसी क्रम में राजधानी में न्यूनतम तापमान में 3.8 डिग्रीसेल्सियस की कमी दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि से मिली जानकारी के मुताबिक हवाओं का रुख बदलने से न्यूनतम तापमान भोपाल, चंबल, एवं होशंगाबाद संभागों के जिलों में काफी गिरे तथा शेष संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ गुरुवार को प्रदेश में सबसे कम 14 डिग्रीसेल्सिय तापमान रायसेन में दर्ज किया गया। राजधानी में न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्रीसे. दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्रीसे. कम रहा। साथ ही बुधवार के न्यूनतम तापमान (20.2 डिग्रीसे.) की तुलना में 3.8 डिग्रीसे. कम रहा। अधिकतम तापमान 31.8 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। बुधवार को 31 डिग्रीसे. तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में हवा का रुख उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी हो रहा है। मौसम शुष्क बना रहने से अधिकतम तापमान बढ़ रहा है। साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शुक्ला के मुताबिक अभी दो दिन तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने पर न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी।

# भोपाल के सभी स्टेशनों पर कोरोना जांच को लेकर सख्ती बढ़ाई

## संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर16 यात्रियों के संक्रमित मिलने के बाद सतर्कता




**भोपाल।** कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ता देख भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों पर कोरोना जांच की सुविधा बढ़ा दी है। प्रत्येक स्टेशनों पर प्रतिदिन सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए हैं। स्टेशन पर प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले यात्रियों से भी कहा जा रहा है कि वे जांच में मदद करें। यह सख्ती गुरुवार संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर 16 यात्रियों के संक्रमित मिलने के बाद बरती जा रही है। इसके दो हफ्ते पहले भोपाल रेलवे स्टेशन पर भी 16 संक्रमित मिल चुके थे। बता दें कि संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर इंदौर-पटना स्पेशल एक्सप्रेस में सवार होने के पहले प्रवेश करने वाले यात्रियों की रैपिड एंटीजन किट से जांच की जा रही थी। इनमें से 16 यात्रियों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि रिपोर्ट आने के पूर्व ही यात्री ट्रेन में सवार होकर यात्रा शुरु कर चुके थे। जिन यात्रियों की जांच की गई, उनमें से ज्यादातर बिहार और उत्तर प्रदेश के हैं। अब उनकी कांटेक ?ट ट्रेसिंग की जा रही है। इसी तरह पूर्व में भोपाल रेलवे स्टेशन पर 16 यात्री कोरोना संक्रमित मिले थे। जिला प्रशासन और रेलवे ने इन मरीजों के मिलने के बाद जांच का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि अभी भोपाल रेलवे स्टेशन पर रोजाना 2500 यात्रियों के सैंपल लिए जाते हैं, जबकि स्टेशन से चौबीस घंटे में 30 हजार से अधिक यात्री होकर गुजरते हैं। इनमें स्टेशन पर प्रवेश करने और ट्रेनों से प ?लेटफार्म पर उतरने वाल यात्री शामिल है। स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य है कि जिस हिसाब से संक्रमित मिल रहे हैं, उसके अनुरूप कम से कम रोजाना 5000 यात्रियों के नमूने लिए जाएं। हबीबगंज, संत हिरदाराम नगर, बीना, इटारसी, गुना, हरदा, विदिशा, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज स्टेशनों पर भी कोरोना जांच बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

### यह सख्ती भी बरती जाएगी

यात्रियों के प्रवेश को पूरी तरह नियंत्रित किया जाएगा। मुख्य प्रवेश द्वारों से ही प्रवेश दिया जाएगा। यात्रियों को ऐनवक्त से पहले पहुंचना होगा। कतार में प्रवेश करना होगा, ताकि बारी-बारी से यात्रियों के सैंपल लिए जा सकें। मास्क का उपयोग अनिवार्य करना होगा। ट्रेनों के अंदर बिना मास्क के मिलने पर जुर्माना भरना पड़ेगा।



# पंचायत, निकाय, सहकारी संघ के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के लिए इंतजार

**भोपाल।** प्रदेश के नियमित कर्मचारियों को सरकार ने आठ फीसद महंगाई भत्ते की सौगात दे दी है, पर पंचायत, नगरीय निकाय, सहकारी संघ, निगम-मंडल व संविदा कर्मचारियों को इस लाभ के लिए इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल, संबंधित विभाग, निकाय और निगम-मंडल को यह लाभ देने के लिए अलग से आदेश जारी करना पड़ेगा और इससे पहले उन्हें संचालक मंडल की अनुमति लेना होगी। ऐसी ही स्थिति संविदा कर्मचारियों के साथ है। इनमें वे अध्यापक भी शामिल रहेंगे, जो अब तक शिक्षक संवर्ग में नहीं आ पाए हैं।

### नाथ ने कहा-16 फीसद का लाभ दें

कर्मचारियों को आठ फीसद महंगाई भत्ता देने की घोषणा पर पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कटाक्ष किया है। उन्होंने सरकार से आठ की जगह पूरे 16 फीसद महंगाई भत्ता देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 15 मार्च 2020 को पांच फीसद महंगाई भत्ता बढ़ाने का निर्णय लिया था, जो जुलाई 2019 से लागू किया था। सरकार जाने के बाद भाजपा सरकार ने कर्मचारियों को 19 महीने महंगाई भत्ते के लाभ से वंचित रखा। अब उपचुनाव को देखते हुए निर्णय लिया है पर वह भी अधूरा है। प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों की तरह 28 फीसद महंगाई भत्ता दिया जाए। क्योंकि महंगाई चरम पर है।

वेतनवृद्धि अक्टूबर में 50 फीसद राशि जुड़ने से मिलेगा लाभ

संवर्ग --- लाभ

प्रथम -- 11,079 से 36,414 रुपये

द्वितीय -- 10,000 से 20,484 रुपये

तृतीय -- 3510 से 12,618 रुपये

चतुर्थ -- 2790 से 4800 रुपये

आठ फीसद महंगाई भत्ता देने के लिए सरकार का आभार, पर नियमित के साथ निगम-मंडल, निकाय, पंचायत, सहकारी, संविदा कर्मचारियों को भी यह लाभ अभी मिल जाता, तो अच्छा होता। वे भी उम्मीद लगाए बैठे थे।

**सुधीर नायक, मध्य प्रदेश का वरिष्ठ कर्मचारी नेता**

सरकार को महंगाई भत्ते का लाभ देते हुए सिर्फ कर्मचारी शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिए। बल्कि कर्मचारियों (नियमित, पेंशनर, निगम-मंडल, निकाय, सहकारी) को समग्र रूप से देखना चाहिए। प्रदेश में सबसे बड़ा वर्ग पेंशनर का है। उन्हें पेंशन भी कम मिलती है। उम्मीद थी सरकार उन्हें ध्यान में रखकर निर्णय लेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए, ताकि वे भी दीपावली मना सकें।

**वीरेन्द्र खोंगल, मप्र कर्मचारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता**

# आतंकियों की मध्य प्रदेश के जंगलों पर थी नजर!

## जंगलों की भौगोलिक स्थिति से आइएस आतंकियों को याद आया मध्य प्रदेश ।आइएस-के आतंकियों ने पूछताछ में मध्य प्रदेश में प्रशिक्षण शिविर लगाने की जताई मंशा।



**भोपाल ।** राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) द्वारा दिल्ली में गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ में यह राजफाश हुआ है कि अफगानिस्तान में सक्रिय इस्लामिक स्टेट-खुरासान (आइएस-के) के आतंकी मध्य प्रदेश के जंगलों में प्रशिक्षण शिविर लगाना चाहते थे। वे अपने नापाक मंसूबे पूरे कर पाते इससे पहले ही पकड़े गए। मध्य प्रदेश के जंगलों की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार है कि यहां सीमित संख्या में आवाजाही पर किसी को शक नहीं होता। खेतों से लगे क्षेत्र होने के कारण सामान्य आवाजाही रहती है और जंगल के भीतरी भाग का क्षेत्र सूनसान होता है। सिमी के लोगों ने भी इसी प्रकार जंगलों में प्रशिक्षण शिविर लगाए थे। आइएस-के आतंकियों की मंशा से मध्य प्रदेश में खतरे का स्पष्ट संकेत मिलता है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अभी इस बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं है, लेकिन वे मानते हैं कि प्रदेश में जंगलों की भौगोलिक स्थिति आपराधिक गतिविधियों की शरणस्थली बनने का डर तो रहता है। सिमी से जुड़े लोगों ने इन जंगलों में प्रशिक्षण शिविर लगाए थे। इनमें से अधिकांश मालवा-निमाड़ क्षेत्र के रहने वाले थे, इसलिए यहां के जंगल इनकी शरणस्थली बने। अभी सिमी से संबंधित 24 लोग प्रदेश की जेल म हैं।

### जंगल के रास्ते अन्य राज्यों से संपर्क

मालवा-निमाड़ से सटे जंगलों के रास्ते महाराष्ट्र और गुजरात पहुंचा जा सकता है। छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे जंगलों पर नक्सलियों का केंद्र है। अवैध हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए इन रास्तों का उपयोग होता रहा है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि नक्सली गतिविधियों वाले क्षेत्र में आतंकियों का गठजोड़ यदि हो जाता तो सुरक्षा के लिहाज से यह खतरनाक स्थिति होती। एनआइए की ओर से स्पष्ट दिशा-निर्देश मध्य प्रदेश पुलिस को नहीं मिलने से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस मामले में खामोश हैं। हालांकि सूत्रों का कहना है कि आतंकियों की मंशा सामने आने के बाद पुलिस अधिकारी सतर्क हो गए हैं। नक्सली क्षेत्रों में तो पुलिस की नजर है, लेकिन अब जंगलों से होकर अन्य राज्यों तक जाने वाले क्षेत्रों में भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। इसके लिए सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में पुलिस अलग से निगरानी तंत्र विकसित करेगी।

# मैनिट के दीक्षा समारोह में 22 विद्यार्थियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल मिलेगा



**भोपाल।** कोरोना के कारण सभी शिक्षण संस्थानों में पहले की तरह दीक्षा समारोह नहीं मनाया जाएगा। कुछ ऐसी ही तैयारी मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के 18वें दीक्षा समारोह में की गई है। मैनिट का 23 अक्टूबर को दीक्षा समारोह आयोजित किया जाएगा। दोपहर तीन बजे से मैनिट के सिविल अभियांत्रिकी के सभागार में समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में रोल्टा ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष एवं सीईओ कमल के सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वेस्ट सेंट्रल रेलवे के सीएमडी सुधीर कुमार गुप्ता होंगे। इस अवसर पर मैनिट के निदेशक प्रो एनएस रघुवंशी, रजिस्ट्रार बिनोद डोले सहित अन्य फैकल्टी उपस्थित होंगे। मैनिट के प्रो आरएन यादव ने बताया कि 18वां दीक्षा समारोह में पूरी तरह से आनलाइन ना होकर पार्शियली वर्चुअल मोड में होगा। इसमें 27 विद्यार्थियों को मेडल दिया जाएगा। इसमें 11 विद्यार्थियों को गोल्ड, 11 को सिल्वर, चार को प्रायोजित मेडल प्रदान किया जाएगा। वहीं एक कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के छात्र अक्षय कुमार शर्मा को मैनिट का मेधावी पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा 89 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 428 को पीजी, 920 को स्नातक की डिग्री दी जाएगी। समारोह में सिर्फ गोल्ड व सिल्वर पदक वाले विद्यार्थियों शामिल होने के लिए बुलाया गया है। अन्य विद्यार्थी आनलाइन शामिल होंगे। आनलाइन समारोह में विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ शामिल होंगे। सभी को इसके लिए एक लिंक शेयर किया जाएगा, जो 23 अक्टूबर को एक्टिव होगा। इसके अलावा जो प्रोफेसर कैंपस में रहते हैं, उन्हें फिजिकली शामिल होने की अनुमति है। मैनिट के प्रो यादव ने कहा कि कोरोना के कारण सभी विद्यार्थियों को इस बार दीक्षा समारोह में शामिल नहीं किया जा रहा है, बल्कि सिर्फ पदक प्राप्त करने वाले को बुलाया गया है। पदक पाने वाले विद्यार्थी अपने माता-पिता के साथ भी शामिल हो सकते हैं।



# एनएसजी कमांडो के सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**भोपाल।** एनएसजी कमांडो के सूने मकान की डुप्लीकेट चाबी से ताला खोलकर बदमाश सोने के जेवरात समेत नकदी चोरी कर ले गए। घटना के वक्त कमांडो परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने नेपाल गया था। कमांडो के पिता एसएएफ में प्रधान आरक्षक है। पुलिस के मुताबिक, सी-ब्लॉक 25वीं बटालियन भदभदा रोड निवासी टीकाराम कुंवर एनएसजी कमांडो हैं। उनके छोटे भाई आत्माराम (21) ने पुलिस को बताया कि गत 10 सितंबर को टीकाराम परिवार समेत एक शादी समारोह में शामिल होने सोनौली, नेपाल गए है। 19 अक्टूबर को आत्माराम नेपाल से भोपाल आया। उसने ताला खोला और अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में एक सोने की अंगूठी, दो कान की बाली, 20 हजार रुपए नगदी गायब थी। आत्माराम ने इसकी जानकारी पिता नारायण बहादुर को दी। नारायण बहादुर एसएएफ में प्रधान आरक्षक हैं। भौरी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में वह प्रशिक्षण देते हैं। आत्माराम की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि ताला तोड़ा नहीं खोला गया है।

### भीमनगर तीन लाख का सामान चोरी

भोपाल। अरेरा हिल्स के भीम नगर में खुले मकान चोरी का मामला सामने आया है। आरोपित घर में अंदर घुसा और सोने चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख का सामान समेटकर फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि उसने बेटी की शादी करने सामान खरीद रही थी। पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एक संदेही का नाम ही छोटू चोर है। अरेरा हिल्स पुलिस के अनुसार भीम नगर में रहने वाली उमा सिंह (38) अपने दो बेटियों के साथ रहती है और न्यू मार्केट की एक साड़ी दुकान पर काम करती है। जनवरी में उनकी बेटी की शादी है, इसलिए वह सामान खरीद रही थी। इसके लिए उन्होंने दिन रात मेहनत कर बेटी की शादी के सोने के जेवर व चांदी और बाकी सामान खरीदा थ। मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात को वह घर में सो रही थी। रात में अज्ञात उनके घर से सोने चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख का सामान चुराकर फरार हो गया। जब महिला को पता चला तो उसने थाने में जाकर एफआइआर कराई। पुलिस ने एसआइ के नेतृत्व में एक टीम बनाई। आसपास तलाश करने के बाद पता चला कि घटनास्थल के पास से दो आपराधिक पृवत्ति के बदमाश रहते हैं। पुलिस ने उनको हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस हिरासत में एक बदमाश की उल्फियत ही चोर है।

# सहकारी बैंक रिश्तेदार को नहीं रख सकेंगे कंप्यूटर आपरेटर



## बैंकों के संचालक मंडलों को दिए नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने तक सेवा वृद्धि संबंधी निर्णय लेने के अधिकार

**भोपाल।** । प्रदेश के 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में अब संचालक अपने किसी रिश्तेदार को संविदा या आउटसोर्स के माध्यम से कंप्यूटर आपरेटर नहीं रख सकेंगे। सहकारिता विभाग ने कंप्यूटर आपरेटर की नई नियुक्ति करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है तब तक संविदा या आउटसोर्स के माध्यम से रखे गए कंप्यूटर आपरेटर की सेवाएं निरंतर रखी जाएंगी। सेवा वृद्धि के प्रस्ताव अब बैंकों को विभाग को भी नहीं भेजने होंगे। विभाग ने बैंक के संचालक मंडल को ही इस मामले में निर्णय करने का अधिकार दे दिया है। प्रदेश के सहकारी बैंकों में कोर बैंकिंग सिस्टम लागू होने के बाद करीब सात सौ कंप्यूटर आपरेटर को संविदा या आउटसोर्स के माध्यम से रखा गया है। इनकी सेवा अवधि छह-छह माह करके बढ़ाई जाती रही है। अब विभाग नियमित नियुक्ति करने जा रहा है। इसके लिए बैंकों से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण करके नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जब तक यह पूरी नहीं हो जाती है, तब तक के लिए संविदा या आउटसोर्स पर रखे गए कंप्यूटर आपरेटर की सेवा अवधि बढ़ाई जा सकेगी। इसके लिए बैंकों को प्रस्ताव विभाग को भेजने की जरूरत नहीं होगी। संचालक मंडल ही सेवा वृद्धि के संबंध में निर्णय ले सकेंगे पर इसमें यह ध्यान रखना होगा कि कोई भी ऐसा आपरेटर नहीं होना चाहिए जो बैंक के संचालक मंडल या पदाधिकारी का रिश्तेदार हो। यदि ऐसा कोई व्यक्ति पहले से कार्यरत है तो उसे सेवा वृद्धि भी नहीं मिलेगी। जितने पद स्वीकृत किए गए हैं, उन्हें ही सेवा वृद्धि दी जाएगी और कोई नया कंप्यूटर आपरेटर नहीं रखा जाएगा। इन्हें न तो कोर बैंकिंग से जुड़ा पासवर्ड नहीं दिया जाएगा और न ही कोई वित्तीय लेनदेन का काम कराया जाएगा। सेवा वृद्धि छह-छह माह करके ही दी जाएगी। इसमें भी एक दिन का अंतराल रखना अनिवार्य किया गया है।



# भोपाल वाटर प्लस की परीक्षा में फिसड्डी

**भोपाल ।** वाटर प्लस की परीक्षा में शहर एक बार फिर नाकाम साबित हुआ है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सीवर कनेक्टिविटी, बेकार पानी को दोबारा उपयोग करने लायक बनाने जैसे अन्य पैमानों पर शहर के इंतजाम खरे नहीं उतरे हैं। लिहाजा, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के लिए हुए सर्वे में भोपाल को वाटर प्लस का प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है। दरअसल, पिछले दो साल से भोपाल और इंदौर वाटर प्लस के लिए दावा कर रहे थे, लेकिन दोनों को ही यह तमगा नहीं मिला। दोनों शहरों को ओडीएफ डबल प्लस से संतोष करना पड़ा था। हालांकि, इस बार इंदौर ने बाजी मार ली और देश का पहला वाटर प्लस शहर बनने में कामयाब रहा। भोपाल ऐसा नहीं कर पाया, जबकि नगर निगम के अफसर इसकी पूरी उम्मीद लगाए हुए थे। अब नगर निगम ने सत्यापन का एक मौका और देने का लिखित में अभ्यावेदन केंद्र सरकार को भेजा है। बताया जा रहा है कि निगम ने राज्य सरकार के जरिये केंद्र को दोबारा प्रस्तुतिकरण भेजा है। वहीं भोपाल के कुछ रिकार्ड्स और दस्तावेजों पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया गया है। इतना ही नहीं, वाटर प्लस सर्टिफिकेशन के लिए फिर से सत्यापन कराने की भी बात कही है। बता दें कि वाटर प्लस की चयन प्रक्रिया में देश के 84 शहरों ने आवेदन किए थे। इसमें से सिर्फ 33 शहरों को जमीनी सत्यापन के लिए उचित पाया गया था। इन शहरों में इस साल हकीकत जांचने के लिए करीब तीन महीने पहले टीमें घूमी थीं और मौके से ही फोटो खींचकर अपलोड की थीं।

### ऐसे बन पाते हैं वाटर प्लस

स्वच्छता भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत देश के शहरों का विभिन्ना स्वच्छता मानकों के आधार पर परीक्षण किया जाता है। इसमें ओडीएफ प्लस, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस की श्रेणियां हैं। वाटर प्लस का प्रमाण-पत्र उन शहरों को दिया जाता है, जिन्होंने ओडीएफ डबल प्लस के सभी मानकों को पूर्ण किया हो। साथ ही आवासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अपशिष्ट मल-जल को उपचार के बाद ही पर्यावरण में छोड़ा जाता हो। सीवर कनेक्टिविटी 50 फीसदी से ज्यादा हो, कम से कम 25 फीसदी बेकार पानी का दोबारा उपयोग किया जाता हो। नालों के पानी में गंदगी न आती हो। साथ ही सार्वजनिक शौचालय उच्च सुविधाओं व गुणवत्ताओं के हों। सर्वे में 1300 नंबर ओडीएफ, वाटर प्लस के स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के लिए कुल छह हजार नंबर तय किए गए हैं। इसमें से 20 फीसद से ज्यादा अंक खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) और वाटर प्लस से मिलेंगे। यानी 1300 नंबर का फैसला इससे होगा। सर्वे की रैंकिंग में यह अहम भूमिका निभाएगा, इसलिए भोपाल नगर निगम वाटर प्लस पाने की भरसक कोशिश कर रहा है।

**2 विभागों के झमेले में फंसा मार्ग नहीं हो रही सुनवाई**

# सड़क मरम्मत की बाट जोह रहे नगरवासी

सिहोरा। एक ओर प्रदेश सरकार सड़कों के उद्धार के लिए पैसा पानी की तरह बहा रही है, दूसरी तरफ नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बदतर होती जा रही है। गड्डायुक्त सड़कों पर आवागमन करना नगरवासी अपनी नियति मान बैठे हैं। नगर में जो कुछ है वह नगरपालिका का है का दम भरने वाली नगर की पालक संस्था का मुख्यालय पहुंच मार्ग की जर्जर स्थिति नगर की जर्जर सड़कों की पोल खोल रही है ।



उल्लेखनीय है कि मुख्य बस स्टैंड से नगर पालिका ,अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायत कार्यालय ,तहसील कार्यालय सहित अन्य प्रमुख शासकीय कार्यालय का पहुंच मार्ग जीर्ण शीर्ण हो गया है नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण प्रतिदिन उक्त जर्जर मार्ग से गुजरने विवश होते हैं साथ ही पूर्णता उखड़ चुके मार्ग पर गिर कर लहूलुहान हो रहे हैं । ज्ञात हो उक्त मार्ग से अनुभाग तहसील जनपद एवं नगर पालिका के मुखिया का प्रतिदिन आना जाना होता है इसके बावजूद जर्जर मार्ग के जीर्णोद्धार के लिए किसी भी आला अधिकारी की नजरें इनायत ना होना नगर की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बयां कर रही है।

### बस्ती को भी जोड़ता है मार्ग

लगभग मात्र 200 मीटर लंबाई वाला उक्त मार्ग प्रमुख शासकीय कार्यालयों के साथ-साथ नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 एवं पास की बसाहट का भी मुख्य मार्ग है अनेक नगर वासियों का उक्त मार्ग से ही बस स्टैंड आवागमन होता है

### दो विभागों के बीच पिस रहा मार्ग

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षों पूर्व उक्त मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा डामलीकृत सड़क के रूप में किया गया था तत्पश्चात लगभग 10 वर्ष पूर्व नगर की पालक संस्था ने उक्त मार्ग के दोनों ओर फुटपाथ का निर्माण करा कर मार्ग का चौड़ीकरण किया था किंतु अब दोनों ही विभाग एक दूसरे का मार्ग बताकर जीर्णोद्धार से पल्ला झाड़ रहे ह

### 2011 में हुआ था निर्माण

सुनील कुमार राय, पारस नाथ, कृपाशंकर राय, केशव राय, जय शंकर राय, मार्कंडेय, राजू राय आदि ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2011 में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण हुआ था, लेकिन गुणवत्ता विहीन होने के कारण धीरे-धीरे सड़क बदहाल हो गई। वर्तमान समय में सड़क चलने लायक नहीं है। सड़क की बदहाली को लेकर विभाग सहित जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया फिर भी सड़क का स्वरूप नहीं बदला।

## जिला पत्रकार संघ को गतिशील करने की आवश्यकता

**शहडोल।** प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकारों के हित को लेकर आंचलिक एवं जिला मुख्यालय के पत्रकारों को एकजुट करते हुए जिला पत्रकार संघ का गठन किया गया थाद्य अब ऐसा लगता है कि जिला पत्रकार संघ की गतिविधियां धीमी सी होती जा रही है लेकिन संघ को गतिशील करने के लिए कोई भी वरिष्ठ पत्रकार आगे नहीं आ रहा हैद्य इसके कारण अन्य पत्रकार संगठन के लोगों के मध्य जिला पत्रकार संघ की गतिविधि चर्चा का विषय बन चुकी हैद्य जबकि यदि देखा जाए तो जिला पत्रकार संघ में जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पत्रकारों सहित आंचलिक क्षेत्र के पत्रकारों का समावेश था और जिला पत्रकार संघ की कार्यशैली पर सभी पत्रकारों को नाज भी था।

**पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि**

## प्रेरणा पुंज है सिपाहियों की कर्तव्यनिष्ठा

**धनपुरी।** देशभक्ति और जन सेवा के वाक्य को सार्थक करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों की कर्तव्य परायणता हमारे लिए गौरव और प्रेरणा का पुंज हैद्य जो हमें अपना दायित्व याद कराता हैद्य उसे हम सब आप साथ कर देश की सेवा में जुटे रहेद्य उक्त भावों से भरे उद्गार अनुविभागीय पुलिस उमेश गर्ग ने धनपुरी में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किएद्य इस अवसर पर थाना प्रभारी उमेश्वर ठाकरे सहित हिंदू जन जागरण समिति एवं इमामबाड़ा वक्फ बोर्ड समिति सहित नागरिक एवं शहीदों के परिवार उपस्थित रहेद्य इस अवसर पर हिंदू जन जागरण समिति एवं इमामबाड़ा वक्फ बोर्ड समिति द्वारा धार्मिक पर्वों पर सौहार्द पूर्ण आयोजन एवं कानून व्यवस्था प्रबंधन के लिए धनपुरी पुलिस का स्वागत एवं सम्मान भी किया गयाद्य



## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिला व सत्र न्यायालय अनूपपुर के द्वारा पीआरटी महाविद्यालय अनूपपुर में हुआ कार्यक्रम सम्पन्न

**अनूपपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत दो अक्टूबर से 14 नवंबर तक अखिल भारतीय जागरूकता व पहुंच कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला व सत्र न्यायाधीश अनूपपुर श्रीमती शिवानी असाटी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीआरटी महाविद्यालय अनूपपुर में वृहद विधिक जागरूकता व सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के छात्र/छात्रा व महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को विधिक रूप से जागरूक किया गया। श्रीमती जी द्वारा वाहनों का अनिवार्य रूप से बीमा कराकर ही लोक मार्गों पर वाहनों का चालन किए जाने की विधिक सलाह दी। दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस संबंध में शिविर में मानसिक स्वास्थ्य विषय को लेकर भी आम लोगों को जागरूक किया गया। जिला न्यायाधीश श्रीमती शिवानी असाटी ने मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्ति के प्रति उसके परिवारजन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विभिन्न विधिक प्राधिकरणों के साथ-साथ आम जनता का भी उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया गया है। श्रीमती द्वारा महाविद्यालय के समस्त छात्रों को बताया गया कि मानसिक रूप से अस्वास्थ्य व्यक्ति के प्रति सहानुभूति व सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण होने से वे स्वस्थ्य होकर समाज के मुख्य धारा में शामिल हो जाते हैं।कार्यक्रम में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 श्रीमान भूमस्कार यादव सचिव / जिला न्यायाधीश अनूपपुर द्वारा मादक दवाओं के दुरुपयोग व नशा उन्मूलन विषय पर विधिक जानकारी दी गई। उन्होंने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए नशे से दूर रहने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में श्रीमान भूमस्कार यादव जी के द्वारा बताया गया कि संविधान के अनुच्छेद 39



ए के अंतर्गत राज्य यह सुनिश्चित करेंगा कि तंत्र की विधिक तंत्र इस प्रकार से काम करें कि समान अवसर के आधार पर न्याय सुलभ हो। श्रीमान जी के द्वारा कहा गया कि संविधान की उक्त मंशा के पालन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 अधिनियमित किया गया, जिसके अनुशरण में विधिक सेवा प्राधिकरणों अनूपपुर द्वारा निरंतर लोगों को विधिक से जागरूक किया जा रहा है व विधिक सहायता उपलबध कराई जा रही है। विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत व मध्यस्थता, साक्षरता व पहुंच और अपराध से पी?ित प्रतिकर योजना के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से पिछ? व्यक्तियों की विधिक जागरूकता व सहायता के माध्यम से निरंतर सहायता की जा रही है। श्री यादव द्वारा बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति जिसकी आय दो लाख रुपये से कम है, सभी महिलाएं, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के सभी व्यक्तियों, जेल में निरूद्ध प्रत्येक व्यक्ति, प्राकृतिक आपदा से सताए हुए प्रत्येक व्यक्ति को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। सचिव द्वारा अपराध पी?ित प्रतिकर योजना के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया।

## हनुमान जी की रसोई का वितरण



**जबलपुर।** हनुमान जी की रसोई संस्था ने भोजन के पैके ट वितरित कियरसल चौक, चौथापुल,गोरखपुर बाजार एवं छोटी लाईन फाटक पर राहगीरों, जरूरतमंदो को वितरण किया गया।

## सरदार पटेल जी की 146वीं जयंती की तैयारी



**बरगी।** सरदार पटेल जी की 146वीं जयंती की तैयारी बैठको की श्रृंखला में ग्राम निगरी बरगी के सामुदायिक भवन में कुर्मी सेवा संस्थान एवं कुर्मी क्षत्रिय समाज संगठन ग्रामीण की बैठक आयोजित की गई जिसमें युवाऔ और क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जनों ने नूनसर ग्राम में होने वाले 31 अक्टूबर 2021 को होने वाले कार्यक्रम में अपनी सहभागिता और बड़ी भूमिका का संकल्प व्यक्त किया गया । बैठक में प्रमुख रूप से संस्थान के सचिव डी पी पटेल , डॉक्टर शिव शंकर पटेल , अनिल पटेल , कामता पटेल, भरत पटेल , श्रीमती लक्ष्मी पटेल , कमला पटेल सरपंच चौरई घनश्याम पटेल , कमल पटेल , शैलेश पटेल , बीरेंद्र पटेल , खेमकरण पटेल एवं राजा बाबू पटेल खुल्लू पटेल आदि बरगी क्षेत्र के कुर्मी समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## संजीबनी एवं जबलपुर क्लब के बीच फाइनल मैच

जबलपुर। संजीबनी अकेडमी के तत्वावधान में आयोजित महाराणा प्रताप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संजीबनी और जबलपुर क्लब 9 बजे लाल मैदान में खेला जाएगा। संजीबनी ने हिमालयन को 5 विकेट से पराजित कर फाइनल में स्थान पाया ।पहले बल्लेबाजी करने उतरी हिमालयन की टीम 142 पर सिमट गई जिसमें समर खान 34 रन बनाये। अतिरिक्त रन 32 थे ।संजीबनी की ओर से प्रेम कुलराज 2 2 आफिया ने 1 अंश ने 1 1 विकेट प्राप्त किया ।जवाब में संजीबनी ने यह ल्क्य 5 विकेट खोकर बना लिए ।जिसमे कुलराज 32 रन कार्तिक 23 करन 21 बनाये ।हिमालयन की ओर से समर खान 2 विंनी पटेल 1 ईशान 2 विकेट प्राप्त किया ।मैन ऑफ द मैच कुलराज रहे आज के मैच में को पूर्व क्रिकेटर योगेंद्र तिवारी ब्रेजेश पटेल मयंक जैन लकी यादव अरुण जैन हरीश परिहार उपस्थित रहे।

## शरदोत्सव एवं वाल्मीकि-जयंती पर कविता की साँझ

जबलपुर,। विश्व संवाद केन्द्र महाकोशल प्रांत, में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जबलपुर द्वारा शरदोत्सव एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती का नयनाभिराम आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कविवर प्रकाश श्रीवास्तव, मुख्यआतिथ्य डॉ. नरेश द्विवेदी, विशिष्ट आतिथ्य मनोज शुक्ल मनोज ने निभाते हुए महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए तिलक वंदना की। आशुतोष तिवारी के संचालन में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कौशल दुबे द्वारा शास्त्रीय और ज्योतिषीय दृष्टि से शरदऋतु, शरदपूर्णिमा, एवं महर्षि वाल्मीकि के बहुआयामी योगदान पर प्रकाश डाला गया।दूसरे चरण में विजय विश्वकर्मा, सत्यनारायण रघुवंशी, प्रेम नारायण सोनी, अजय मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, एम. शरणागत, एच. सोनी, रामेश्वर जड़िया आदि कवियों द्वारा माधुर्यपूरण कविताएँ प्रस्तुत की गई। आभार अजय मिश्र द्वारा व्यक्त किया गया।

## कुॅआं की पटटी पर बैठा बालक गिरा

सिहोरा । कुंए की पट्टी में बैठा बालक अचानक कुंए में गिर गया ,वहीं घटना के तत्काल बाद बालक को बचाने के लिए बालक का पिता भी कुआं में कूद गया मोहल्ले वालों की मदद से रस्सी व काँटा डालकर किसी तरह बच्चे को निकाला गया इलाज के लिए बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया,लेकिन बच्चे ने आखिर दम तोड़ दिया। मामला खितौला थाना क्षेत्र का है टी आई जगोतिन मसराम ने बताया की समर कुशवाहा उम्र 8 साल निवासी खितौला लखराम मोहल्ला बॉर्ड नंबर 13 आज शाम 6 बजे लगभग कुँए की पट्टी में बैठा था उसी दौरान वह गहरे कुँए में गिर गया ,परिजनों ने बालक को कुँए से निकालकर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए जहां पर इलाज के दौरान बालक ने दम तोड़ दिया । सूचना पर पहुँची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## श्री आदर्श शिक्षा समिति गोटेगांव द्वारा गृह कार्य डायरी का वितरण

**गोटेगांव**—सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव में विगत दिवस श्री आदर्श शिक्षा समिति गोटेगांव द्वारा गृह कार्य डायरी का वितरण किया गया कक्षा नर्सरी से लेकर अष्टम तक के भैया बहनों को यह डायरी प्रदान की जावेगी आज एक समारोह में कक्षा तृतीय से लेकर पंचम तक के भैया बहनों को निशुल्क डायरी का वितरण जिसमें व्यवस्थापक राजकुमार जैन ने बताया कि समिति का यह निर्णय भैया बहनों के विकास में सहायक होगा जो प्रतिदिन कक्षा में मिलने वाला गृह कार्य लिखकर घर ले जाएंगे और अगले दिन विषयों की तैयारी करेंगे शैक्षणिक विकास में नीब का पत्थर होगा व्यवस्थापक राजकुमार जैन कोषाध्यक्ष शिवाजीराव पाटिल सह व्यवस्थापक देवदत्त पचौरी वरिष्ठ सदस्य चंद्रगुप्त आर्य पूर्व पार्षद सोबरन सिंह पटेल प्रभारी प्राचार्य संतोष बैंन प्रधानाचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता आचार्य किशोर शुक्ला संजय जैन माया कल्पना किरण चौरसिया उपस्थित थी।



## प्रथम महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई



गोटेगांव। बाल्मीकि रामायण संस्कृत साहित्य का एक अद्भुत महाकाव्य है जो संस्कृत भाषा के छंदों द्वारा रचित है इसमें श्री राम के चरित्र का उत्तम एवं महत्व विवरण काव्य रूप में उपस्थापित हुआ है महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित होने के कारण से बाल्मीकि रामायण कहा जाता है वर्तमान में भगवान श्री राम के चरित्र पर आधारित जितने भी ग्रंथ हैं उन सभी का मूल्य महर्षि वाल्मीकि द्वारा संस्कृत में रचित बाल्मीकि रामायण ही है महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि माना जाता है इसलिए यह महाकाव्य आदि काव्य कहा जाता है उक्त विचार कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं क्रीड़ा अधिकारी छपारा श्री पहलाद मोहन सिंह ने व्यक्त किए कार्यक्रम का आयोजन हिंदू धार्मिक उत्सव समिति नया बस स्टैंड द्वारा आयोजित किया जिसमें सर्व प्रथम महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण दीपक जलाकर चंदन रोली लगा कर नमन किया जिसमें मुख्य रुप से श्री पहलाद मोहन सिंह पटेल पार्षद गीता शरण विश्वकर्मा चंदन ताम्रकार कपिल पटेल नीरज दुबे राजेश पटेल अशोक पटेल सचिन राठौर एवं समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## गांधीनगर में देवी जागरण कार्यक्रम संपन्न

अमलाई गांधीनगर में 20 अक्टूबर को देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन श्री दुर्गा उत्सव समिति गांधीनगर तत्वधान में किया गयाद्य देवी जागरण में आए हुए कलाकारों द्वारा गीत भजन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गईद्य कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल अग्रवाल विश्वनाथ कहार विवेक पांडे छोटे गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा

## स्वा सहायता समूहों की बैठक आयोजित



सिहोरा । स्वा सेवा संयोजन समिति के प्रयास से एंव नगर पालिका परिषद सिहोरा के सहयोग से महिलाओं के लिए सृजनी हुनर हाट का आयोजन गहोई धर्मशाला में 21 अक्टूबर तक किया गया । यह आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर पथ प्रशस्त करने हेतु एक सफल और सराहनीय प्रयास रहा जिसमें नगर की महिलाओं ने बढचढकर हिस्सा लिया इसे आयूष मार्केटिंग के शिशिर पांडे द्वारा स्पांसर किया गया था । आयोजन को सफल बनाने में रश्मि सेठी,सुषमा कर्चुली,रमा सरावगी, सुषमा खरे,अंजली पांडे,अंजना सराफ आदि की अहम भुमिका रही समापन के दौरान जयश्री चौहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जन अभियान परिषद से सुशील कुमार बर्मन के द्वारा हाट में स्वा सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बैठक आयोजित करते हुए शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए लोगो को प्रेरित करने का आग्रह किया उक्त कार्यक्रम में सुशील वर्मा, राजेश ठाकुर ,रश्मि सराफ,आकांक्षा नामदेव आदि उपस्थित रहे ।

## पात्र विद्यार्थी का पीएचडी में परीक्षा के एक दिन पहले प्रवेश किया निरस्त आखिर क्यो

शहडोल । विद्यालय छोटा हो या बडा लेकिन विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और गुरु का दर्जा तो भगवान से बढ कर माना जाता है पर जब कोई गुरु ही आपने शिष्य के भविष्य से खेले तो आप उस गुरु को क्या कहेगें, जी हा ऐसा ही कुछ वाक्या इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक का प्रकाश मे आया है जहां विद्यार्थी ने विश्वविद्यालय मे पीएचडी एडमिशन के लिए सभी दस्तावेज एवं सभी टेस्ट परीक्षाओं मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थी ने विश्वविद्यालय की फिस भी जमा की पर पीएचडी परीक्षा के एक दिन पहने विश्वविद्यालय कुलसचिव ने पीएचडी की विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया । दिनांक 22.08.2021 दिन रविवार समय दोपहर 02ः45 कुलसचिव द्वारा ईमेल के माध्यम से विद्यार्थी को यह बताया गया कि विद्यार्थी द्वारा प्रदान किए गए शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर विद्यार्थी का पीएचडी में प्रवेश निरस्त कर दिया गया है। विश्वविद्यालय कुलसचिव, कुलपति के द्वारा एक विद्यार्थी के जीवन के साथ जो खिलवाड किया गया है ।

## रेशामंडी द्वारा यूएस 30 मिलियन के भारत के सबसे बडे सीरीज़ ए फंडिंग के दौर की घोषणा



**भारत।** भारत में रेशम किसानों व्यवसायों और खुदरा विक्रेताओं के लिए बी2बी बाज़ार के रूप में कार्य करता रेशामंडीए भारत का पहला रेशम.तकनीक स्टार्टअप हैए जिसने वैश्विक वैकल्पिक निवेश प्रबंधक क्रिएशन इन्वेस्टमेंट तथा अन्य निवेशकों के नेतृत्व में यूएस 30 मिलियन के सीरीज़ ए फंडिंग के दौर की घोषणा की है । इस दौर में इक्विटी और कुछ ऋण का मिश्रण है । इक्विटी फंडिंग में 9 यूनिकॉर्न वेंचर कैटेलिस्टए नेक्सस से संदीप सिंघल इंडियामार्ट के संस्थापक बृजेश अग्रवाल और ओमनिवोर जैसे नए निवेशक शामिल हैंए जिन्होंने रेशामंडी के बीज दौर का भी नेतृत्व किया। नॉर्दर्न आर्कए अल्टेरियाए इनोवेन और स्ट्राइड वेंचर्स ऋण निवेशकों में शामिल हैं।मई 2020 में स्थापित रेशामंडी खेत से लेकर फैशन तक एक फुल.स्टैक डिजिटल इकोसिस्टम प्रदान करती है। कंपनी की स्थापना निफ्ट के स्वर्ण पदक विजेता मयंक तिवारीए पूर्व सिस्को सिस्टम्स टेक्नोलॉजिस्ट और उद्यमी सौरभ अग्रवाल और आईआईटी दिल्ली के सीरियल टेक्नोलॉजी उद्यमी उत्कर्ष अपूर्व ने की थी। रेशामंडी वर्तमान में भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहे बी2बी स्टार्ट.अप में से एक हैए जिसके संचालन के पहलेही वर्ष में राजस्व में 30 गुना की वृद्धि देखी जा रही है। रेशामंडी ने अपने संचालन के पहले 15 महीनों में किसानों एसएमई निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं में फैले 35.000 से अधिक छोटे व्यवसायों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में शामिल किया हैए जिन्होनें 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के बाजार को प्रभावित किया है। इसकी प्रक्रियाओं ने लघु व्यवसाय आय को 35.55ः तक बढ़ाने और स्वदेशी कच्चे रेशम के उपयोग को नाटकीय रूप से बढ़ाने में मदद की है।

## पैरेंट्स अपने बच्चों को कैसे रख सकते हैं कोविड.19 से सुरक्षित

**एजेंसी।** भारत में कोविड.19 की अनुमानित तीसरी लहर प्रमुखे रूप से बच्चों के लिए चिंताजनक है। कई राज्य सरकारों ने बच्चों के संक्रमित होने की स्थिति में अस्पतालों और वैक्सीतन्सज को लेकर अपनी मौजूदा पीडियाट्रिक क्षमताओं को लेकर चिंता जाहिर कर दी है।जहां पहली लहर के दौरान बच्चे अपेक्षतया अधिक सुरक्षित थेए वहीं दूसरी लहर के दौरान वायरस के म्यूटेटेड वर्जन्सच से बच्चे् भी अछूते नहीं रहे। कोविड.19 संक्रमित बच्चेअ में ऐसा हो सकता है कि इसके लक्षण दिखायी न देंए या फिर हल्के.फुल्के दिखायी देंए या थोड़ा बीमार पड़ जाये या फिर वो गंभीर रूप से बीमार पड़ जाये। बच्चों में इसके लक्षण बड़ों की तरह ही हो सकते हैंए जैसे कि बुखारए सर्दीए सांस लेने में तकलीफऔर थकान व अन्य। हालांकिए गंभीरता में अंतर हो सकता है।

भारत में अभी तक बच्चोंभ के लिए कोई स्वी.कृत वैक्सीएन उपलब्धम नहीं है। लॉकडाउन हटाया जा रहा है और स्कूचल फिर से खुलने लगे हैंए ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों की सुरक्षा का काफी ध्यान रखना होगा। जैसा कि दूसरी लहर के दौरान देखा जा चुका है कि परिवार का एक भी सदस्य संक्रमित हो जाने परए पूरे परिवार के संक्रमित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। ऐसे में यह अत्यावश्यक है कि बच्चे सुरक्षा मानकों का पालन करेंए जैसे कि सार्वजनिक जगहों में मास्क लगाना। अभिभावकों को भी जहां तक संभव हो बच्चों को भीड़भाड़ वाली जगहों और सामाजिक समारोहों में ले जाने से परहेज करना चाहिए। हालांकि शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते समय बच्चौं को मास्क निकाल लेना चाहिए ताकि सांस लेने में उन्हें कठिनाई न हो। घर

## टैफे ने 10लाख ग्राहकों तक पहुंचने के लिए मैसी सर्विस उत्सव लॉन्च किया

एजेंसी। प्रमुख भारतीय ट्रैक्टर कंपनी और दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माताए टैफे . ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने एक राष्ट्रव्यापी मेगा ट्रैक्टर सेवा अभियान ष्मैसी सर्विस उत्सवष् लॉन्च कियाए ताकि किसानों के लिए चिंता मुक्त खेती सुनिश्चित की जा सके। मैसी सर्विस उत्सव का मुख्य उद्देश्य मेन्टेनेंस की लागत को कम करके किसानों को लाभ पहुंचाना है और उन्हें देश भर में 3000 से अधिकए अति कुशल और अच्छी तरह से प्रशिक्षित मैकेनिकों के मार्गदर्शन में 1500 से ज्यादा अधिकृत वर्कशॉपों में ट्रैक्टर श्रेणी में सर्वोत्तम सर्विस प्रदान करना है। ये मेन्टेनेंस सेवाएं सीजन के दौरान उच्च परफॉर्मेंस के लिएए प्रत्येक ट्रैक्टर के 25 से 44 पॉइंट्स की जांच सुनिश्चित करती हैं।



आकर्षक ऑफर्स और लाभदायक छूट के साथ मैसी सर्विस उत्सव को प्रत्येक टैक्टर मालिक की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मैसी सर्विस उत्सव के अंतर्गत दिए जा रहे कुछ प्रमुख ऑफर्स में ऑयल सर्विस पर उपहार और छूटए 4000 रुपये बिल मूल्य से अधिक के कामों पर 15ः की छूटए 4000 रुपये बिल मूल्य से कम के कामों पर पुर्जों पर 3.5ः की छूटए तेल पर 10ः की छूट और लेबर चार्ज में 50ः तक की छूटए एग्रीस्टार पावरवेटर के ओरिजिनल ब्लेड पर 20ः की छूट और अतिरिक्त देखभालए शामिल हैं। मैसी सर्विस उत्सव के साथए टैफे का लक्ष्य ग्राहकों के साथ जुड़ना है ताकि वे सीजन के लिए अपना ट्रैक्टर तैयार कर सकें। इसके अलावाए टैफे का उद्देश्य उन ग्राहकों को विशेष सेवा प्रदान करना है जो पिछले 12 महीनों में अधिकृत वर्कशॉप में नहीं जा पाए हैंए और उन ग्राहकों को सेवाएं देना है जिनके ट्रैक्टरों को बड़े ओवरहाल और मरम्मत की जरूरत है।

## महिंद्रा ने मनोज बाजपेयी को नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया

**मुंबई।** महिंद्रा के न्यू ष्फार्मिंग एज ए सर्विसष् ;एफएएएस बिजनेस कृष.ई ने आज अपनी पहली डिजिटल वीडियो कमर्शियल ;डीवीसी फिल्म के लॉन्च के साथ कृष.ई ऐप और कृष.ई निदान ऐप जारी करने की घोषणा की। नए डीवीसी में कृष.ई ऐप के अनूठे लाभों को बताया गया है और इस डीवीसी में देश के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एकए मनोज बाजपेयी हैंए जिनकी पारिवारिक जड़ें खेती.किसानी से जुड़ी हैं।

किसान अपने कृषि कार्यों की योजना बनाते और उसे क्रियान्वित करते समय जिन चुनौतियों का सामना करता हैए डीवीसी उन चुनौतियों को दर्शाता है और ऑडियो तथा वीडियो कॉन्टेंट का उपयोग करते हुए कृष.ई ऐप के अनूठे लाभों के बारे में बताता है। यह ऐप विभिन्न फसलों और क्षेत्रों के लिए विशेषज्ञ सलाह और सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों को विभिन्न भाषाओं में पेश करता है।



2020 में लॉन्च किया गयाए कृष.ई महिंद्रा का एक नया बिजनेस वर्टिकल है जो टेक्नोलॉजी संचालित सेवाएं प्रदान करता हैए जो किसानों के लिए उन्नतिशीलए सस्ती और सुलभ हैं। ओमनी.चैनल उपस्थिति के साथए कृष.ई का लक्ष्य पूरे फसल चक्र में भौतिक सेवाओं के साथ.साथ डिजिटल सेवाओं के जरिये कृषि आय में वृद्धि करना है।

नए डीवीसी के माध्यम सेए कृष.ई उन चुनौतियों को पेश करेगा जिनका सामना एक किसान अपने कृषि कार्यों की योजना बनाते समय और उन्हें क्रियान्वित करते समय करता है। इसके अलावाए डीवीसी बताता है कि कैसे नए कृष.ई ऐप्स विभिन्न भाषाओं में ऑडियो और वीडियो कॉन्टेंट का उपयोग करके विभिन्न फसलों और क्षेत्रों के लिए विशेषज्ञ सलाह तथा सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों को पेश करके किसानों की मदद करते हैं।




# 24 अक्टूबर को होगी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत

## टीम इंडिया के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं पांच खिलाड़ी







करीब पांच साल बाद भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच खेला जाएगा। फैंस इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टी-20 वर्ल्ड कप के सातवें संस्करण का आयोजन भारत में होना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के चलते बीसीसीआई ने इसे संयुक्त अरब अमीरात और ओमान स्थानांतरित कर दिया। कोविड-19 महामारी के बाद आईसीसी द्वारा आयोजित किया जाने वाला यह पहला टूर्नामेंट है। 24 अक्तूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दोनों देशों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। आइए आपको बताते हैं कि इस मैच में भारत के वह कौन से पांच खिलाड़ी हैं जिनसे पाकिस्तान को पार पाना आसान नहीं होगा।

### विराट कोहली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का यह चौथा टी-20 विश्व कप है। पिछले तीन संस्करणों में पहले ही अपनी योग्यता साबित करने के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली एक बार फिर सभी की निगाहों में आ जाएंगे। वह सबसे छोटे प्रारूप के विश्व कप में आखिरी बार भारत का नेतृत्व करेंगे। 32 वर्षीय कोहली ने अब तक 16 मैचों में 86.33 की औसत से 777 रन बनाए हैं। उन्हें पिछले दो टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में विराट के नाम 90 मुकाबलों में सबसे ज्यादा 3159 रन दर्ज हैं। इस विश्व कप में भी उनके बल्ले से कई रिकॉर्ड निकल सकते हैं। लेकिन आईसीसी स्तर की टॉफी जीतना उनके लिए सपना बना हुआ है। वहीं अगर भारत पाकिस्तान मुकाबले की बात की जाए तो भारतीय कप्तान विराट कोहली हमेशा भारी पड़े हैं। उनसे पार पाना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं होगा। विराट ने टी-20 मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा 254 रन बनाए हैं।

### रोहित शर्मा

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को बड़े मैचों का खिलाड़ी माना जाता है। इसे कई बार वह साबित कर चुके हैं। हिटमैट भारत के इकलौते खिलाड़ी हैं जो अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेले हैं। यह उनका सातवां टी-20 वर्ल्ड कप होगा। पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले मैच में रोहित से बहुत उम्मीदे हैं। रोहित के अंदर वह क्षमता है जिसके चलते पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों पर शुरू से दबाव बना सकते हैं।

अगर रोहित कुछ समय तक क्रीज पर रुक गए तो उसके बाद उनकी आक्रामक बैटिंग देखने को मिलेगी। 34 वर्षीय रोहित ने विश्व कप में 28 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 673 रन दर्ज हैं। इसके अलावा वह 111 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 2864 रन बना चुके हैं। इसके अलावा टी-20 इंटरनेशनल में चार शतक लगाने वाले वह दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं। इन रिकॉर्ड्स के पता चलता है कि पाकिस्तान के गेंदबाजों की रोहित के आगे कड़ी परीक्षा होगी।



### जसप्रीत बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पाकिस्तान के बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। बुमराह की सटीक गेंदों से उन्हें बचना मुश्किल होगा। बुमराह का यह दूसरा विश्व कप है इससे पहले वह साल 2016 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बीते विश्व कप की बात करें तो उन्होंने 4 विकेट लिए थे। लेकिन तब से लेकर अब बुमराह काफी घातक गेंदबाज बन गए हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वह युजवेंद्र चहल के बाद सबसे ज्यादा सफल भारतीय गेंदबाज हैं। उनके अजीबोगरीब बॉलिंग एक्शन के चलते बल्लेबाजों को काफी परेशानी होती है। बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेले हैं जिनमें दो विकेट लिए।

### ऋषभ पंत



बाए हाथ के स्टाइलिश बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए यह पहला टी-20 विश्व कप होगा। पंत छोटे फॉर्मेट के भी कारगर बल्लेबाज हैं। साल 2006 के बाद से यह पहला आईसीसी टूर्नामेंट है जिसमें महेंद्र सिंह धोनी नहीं हैं। ऐसे में 24 वर्षीय पंत से भारत को काफी उम्मीदें हैं। हालांकि वह पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। टीम इंडिया के इस उभरते हुए बल्लेबाज को अंतिम ओवर्स का आक्रामक बल्लेबाज माना जाता है। पंत ने अब तक 33 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जिनमें उनके नाम 512 रन दर्ज हैं। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

### भुवनेश्वर कुमार



इन दिनों स्विंग गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के सितारे भले ही गर्दिश में हों लेकिन वह पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में भारत के दूसरे सबसे कामयाब गेंदबाज हैं। उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 विकेट चटकाए हैं।



# महामुकाबले से पहले टीम इंडिया की परेशानी तीन स्लॉट के लिए अभी भी कोई खिलाड़ी तय नहीं

**दो अभ्यास मैचों के बाद 15 सदस्यीय भारतीय टीम पाकिस्तान का सामना करने के लिए तैयार है। यह मुकाबला 24 अक्तूबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी दो मजबूत टीमों के खिलाफ वार्म अप मैच जीतने के बाद टीम इंडिया का आत्मविश्वास बढ़ा होगा और पाकिस्तान के खिलाफ यह काम आ सकता है। हालांकि, एक परेशानी अब भी कप्तान विराट कोहली और टीम मैनेजमेंट दूर नहीं कर सकी है।**

दो अभ्यास मैचों में टीम मैनेजमेंट ने लगभग सभी खिलाड़ियों को मौका दिया, लेकिन भारत को अभी भी रविवार से पहले अपनी प्लेइंग इलेवन के मसले को सुलझाना होगा। चयन को लेकर सबसे बड़ा सिरदर्द सूर्यकुमार यादव-ईशान किशन और हार्दिक पांड्या-शार्दुल ठाकुर के बीच होगा।

### फिलहाल टीम इंडिया में क्या है स्थिति?

भारत के टॉप तीन खिलाड़ी पक्के हो चुके हैं। केएल राहुल और रोहित शर्मा ओपनिंग के लिए आएंगे। वहीं, विराट कोहली नंबर-3 पर खेलेंगे। हालांकि, नंबर-4 को लेकर अभी भी कुछ तय नहीं हो पाया है। सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल से पहले तक इस पोजिशन पर अपनी दावेदारी मजबूत की थी, लेकिन आईपीएल में वह और ईशान किशन दोनों कुछ खास नहीं कर सके। आईपीएल के आखिरी कुछ मैचों में ईशान ने फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ वार्म अप मैच में भी ईशान ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। उन्होंने सबसे ज्यादा 46 गेंदों पर 70 रन बनाए थे। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने आठ रन बनाए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वार्म अप मैच में ईशान को बल्लेबाजी नहीं मिली। सूर्यकुमार न 38 रन बनाए। ऐसे में ईशान किशन की फॉर्म में वापसी ने विराट कोहली के लिए एक बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है। भले ही उन्हें एक बैकअप ओपनर के रूप में विश्व कप के लिए लाया गया था, लेकिन लगातार तीन अर्धशतकों ने उन्हें सूर्यकुमार से ऊपर पहुंचा दिया है। वहीं, हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर को लेकर भी काफी दुविधा है। स्पिनर्स को लेकर भी विराट मुश्किल में होंगे।

ओपनिंग- केएल राहुल और रोहित शर्मा पहले दो स्थानों के लिए तय हैं। तीसरे नंबर पर कोहली बल्लेबाजी के लिए आएंगे। यह बात उन्होंने वार्म अप मैच के दौरान कही थी। नंबर चार पर अभी कोई खिलाड़ी तय नहीं है। सूर्यकुमार और ईशान के बीच टक्कर है। पांचवें नंबर पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आएंगे। वे अपने अनऑर्थोडॉक्स शॉट से रन बंटोर सकते हैं। छठे नंबर पर रवींद्र जडेजा आएंगे। उन्हें मैच फिनिशर का रोल दिया जाएगा। सातवें नंबर को लेकर कन्फ्यूजन है। हार्दिक और शार्दुल में से जो खेला वह इस स्थान पर बल्लेबाजी करेगा। आठवें नंबर पर भी अभी कोई खिलाड़ी तय नहीं है। दुबई में कंडीशन स्पिन की उतनी मददगार नहीं हैं। ऐसे में रविचंद्रन अश्विन और वरुण चक्रवर्ती में से किसी एक को मौका मिल सकता है। नौवें नंबर पर भुवनेश्वर कुमार खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी। 10वें नंबर पर मोहम्मद शमी गेंदबाजी करते दिखेंगे। वार्म अप मैच और आईपीएल दोनों में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी। 11वें नंबर पर भारत के बेस्ट तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खेलते दिखाई देंगे।

### चौथे स्थान पर किसका दावा मजबूत?

ईशान किशन का दावा फिलहाल मजबूत है। उन्होंने पिछली तीन पारियों में 50*, 84 और 70* रन की पारी खेली है।

इन तीनों पारियों में ईशान का स्ट्राइक रेट भी शानदार रहा है। उन्होंने 200, 262.50 और 152.17 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के आखिरी मैच में 82 रन की पारी खेली थी। ऐसा लगा था वह फॉर्म में लौट आए हैं, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ वह सिर्फ आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। ईशान किशन की तुलना में सूर्यकुमार यादव एक बेहद ही समझदार खिलाड़ी हैं। मैच के हिसाब से वह गियर बदलना जानते हैं। यह उनका पॉजिटिव पॉइंट है।

पाकिस्तान के खिलाफ विराट को चौथे नंबर पर एक ऐसे खिलाड़ी की तलाश है, जो गियर बदलना जानता हो और खुद पर प्रेशर न आने दे। सूर्यकुमार इस रोल में फिट बैठते हैं।

### सातवें नंबर पर किसकी दावेदारी मजबूत?

हार्दिक और शार्दुल दोनों इस स्लॉट के लिए मजबूत दावेदार हैं। हालांकि, इसमें पिच का अहम किरदार रहेगा। हार्दिक बतौर बल्लेबाज मैदान पर उतरेंगे। हालांकि, अगर एक एक्स्ट्रा गेंदबाज के साथ उतरना चाहते हैं, तो शार्दुल इस रोल के लिए एकदम फिट हैं। आईपीएल में हार्दिक का फॉर्म बेहद खराब था। गेंदबाजी नहीं करने से उन्हें और परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद विराट हार्दिक को मौका दे सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वह एक मैच फिनिशर हैं और उन्हें बड़े शॉट लगाना बखूबी आता है। हार्दिक के अनुभव और बड़े मैचों में परफॉर्म करने की क्षमता को देखते हुए टीम इंडिया में उन्हें जगह मिल सकती है।

### दो स्पिनर्स में से किसको मिलेगी जगह?

इसके अलावा दो स्पिनर्स में से किसी एक को चुनना भी विराट की परेशानी है। रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वार्म अप मैच में दो विकेट लिए थे। वहीं, वरुण चक्रवर्ती मिस्ट्री स्पिनर हैं। उन्हें पाकिस्तान के किसी भी खिलाड़ी ने अभी तक नहीं खेला है। ऐसे में वह ट्रम्प कार्ड साबित हो सकते हैं। अब यह देखने वाली बात होगी की विराट किसको शामिल करते हैं।

# बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने रचा इतिहास



विश्व कप में ओवरऑल सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | विकेट | मैच | इकोनॉमी |
|---|---|---|---|
| शाहिद अफरीदी | 39 | 34 | 6.71 |
| शाकिब अल हसन | 39 | 28 | 6.56 |
| लसिथ मलिंगा | 38 | 31 | 7.43 |
| सईद अजमल | 36 | 23 | 6.79 |
| अजंता मेंडिस | 35 | 21 | 6.70 |
| उमर गुल | 35 | 24 | 7.30 |

बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने टी-20 वर्ल्ड कप में इतिहास रच दिया है। 34 वर्षीय क्रिकेटर ने पहले दौर के ग्रुप बी मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को अहम जीत दिलाने में खास भूमिका निभाई। उन्होंने पहले बल्ले से 46 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में चार विकेट भी चटकाए। शाकिब ने इस दौरान पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। शाकिब अब टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से अफरीदी के साथ शीर्ष पर कायम हो गए हैं। शाकिब के 29 टी-20 वर्ल्ड कप मैचों से अब 39 विकेट हो गए हैं और वह इस मामले में अफरीदी के रिकॉर्ड की बराबरी पर आ गए हैं। हालांकि अफरीदी की तुलना में शाकिब का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर है। अफरीदी के 34 मैचों में 39 विकेट है। सक्रिय क्रिकेटरों में टी-20 वर्ल्ड कप में अबतक किसी ने भी 30 से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं। वेस्टइंडीज के ऑलराउंड डवेन ब्रावो 25 विकेट के साथ इस लिस्ट में नौवें नंबर पर है। शाकिब के नाम इस समय टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। ये रिकॉर्ड उन्होंने इसी टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में बनाया था। हालांकि बांग्लादेश को उस मैच में छह रन से हार का सामना करना पड़ा था। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में सिर्फ शाकिब और श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा का ही नाम शामिल है। उधर शाकिब के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने पीएनजी को 84 रनों के बड़े अंतर से हराकर सुपर 12 के लिए क्वालीफाई कर लिया। ऐसे में अब शाकिब के पास अफरीदी से आगे निकलने का मौका होगा।

# भारत ने अभ्यास मैच में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को दी करारी शिकस्त



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत को खिताब का प्रबल दावेदार तक बता दिया। वॉन ने कहा, जिस तरह से भारत ने अभ्यास मैच में प्रदर्शन किया, उसने उसे आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में पसंदीदा बना दिया है। भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप से पहले अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। अभ्यास मैच में इंग्लैंड और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया को एकतरफा अंदाज में पटखनी देकर टीम इंडिया ने अपने विरोधियों को चेता दिया है। दुबई में खेले गए दोनों अभ्यास मैच में भारतीय टीम के लिए लगभग सब कुछ अच्छा रहा। दक्षिण अफ्रीका के अलावा सिर्फ भारतीय टीम ही दूसरी टीम है जिसने अपने दोनों अभ्यास मैच जीते। यही कारण है कि अब पूर्व क्रिकेटर भारतीय टीम को दावेदार मानने लगे हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत को खिताब का प्रबल दावेदार तक बता दिया। वॉन ने कहा, जिस तरह से भारत ने अभ्यास मैच में प्रदर्शन किया, उसने उसे आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में पसंदीदा बना दिया है।



संयुक्त संचालक राममोहन तिवारी



बीआरसी ठाकुर प्रसाद पटेल

# लोकायुक्त ने रंगे हाथ पकड़ा फिर भी ठस्से से नौकरी

## रिश्वतखोर बीआरसी ने शिकायतकर्ता लेखापाल को कार्यमुक्त का आदेश थमाया

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर शिक्षा विभाग लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई होने के बाबजूद अधिकारी अपनी-अपनी कुर्सी में जमे हुए हैं, रोजाना इनके द्वारा कार्यालय आकर ठस्से से नौकरी की जा रही है। हद तो तब हो गई जब रिश्वतखोर बीआरसी ने लोकायुक्त में शिकायत करने वाले बीआरसी को कार्यालय से कार्यमुक्ति का आदेश थमा दिया।**

**शिक्षा विभाग में मनमानी, जेडीई-बीआरसी को नहीं हटाया गया**

लोकायुक्त की कार्रवाई के दो दिन बाद बीआरसी ने लेखापाल से बदला लेते हुए कार्यमुक्त करने का आदेश जिला परियोजना समन्वयक को भेज दिया।मालूम हो कि संभागीय लोक शिक्षण जबलपुर संयुक्त संचालक राममोहन तिवारी और बीआरसी जबलपुर ग्रामीण ठाकुर प्रसाद पटेल को कार्यालय के कर्मचारियों से रिश्वत लेने के आरोप में लोकायुक्त ने कार्यालय में रेड करते हुए दोनों अधिकारियों को दबोचा था। कार्रवाई हुए एक सप्ताह होने को है परंतु विभाग के उच्चाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई नहीं की।

### शिकायतकर्ता पर आरोप आदेश की अवहेलना कर रहे

लोकायुक्त में दबोचे गए बीआरसी ने 21 अक्टूबर को एक पत्र जिला परियोजना समन्वयक को भेजा है जिसमें लोकायुक्त से शिकायत करने वाले बीआरसी कार्यालय के लेखापाल वीरेंद्र चौहान को लापरवाह के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की अवहेलना करना बताया गया। इसी आधार पर लेखापाल के खिलाफ कार्यमुक्ति के आदेश जारी किए गए। लोकायुक्त आरोपी बीआरसी का कहना है कि लेखापाल ने अवकाश के दिनों कार्यालय आकर वित्तीय दस्तावेज अपने साथ ले गए इसलिए यह कार्रवाई की गई। इधर लेखापाल वीरेंद्र चौहान का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वह ऑडिट करने कार्यालय गया था इसमें किसी भी तरह के आदेश का अवहेलना करना नहीं होता है।

### मामलों को कमजोर करने रोज आ रहे कार्यालय

बताया जा रहा है कि रिश्वतखोर दोनों अधिकारी कार्यालय पहुंचकर लोकायुक्त कार्रवाई को कमजोर करने में जुटे हुए हैं। रोजाना कार्यालय के कर्मचारी-अधिकारियों से हस्ताक्षर कराके भोपाल भेजे जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई को गलत ठहराने भोपाल के अधिकारियों को बेतुके पत्र भेजे जा रहे हैं।

# चरित्र संदेह पर पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

## मृत समझकर घर से निकला और लगा ली फांसी



**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा की इंद्रा बस्ती में सिरफिरे व्यक्ति ने चरित्र संदेह पर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारने के लिए कुल्हाड़ी से कई वार किए और मरणासन्न हालत में घर पर छोड़कर भाग गया और बाहर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची गढ़ा पुलिस ने मृतक के शव को पीएम हेतु भेजते हुए जांच में लिया है। गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि गढ़ा निवासी कल्लू बर्मन उम्र 48 वर्ष पेशे से सिघांड़ा का धंधा कर अपना जीवन यापन करता था। दरमियानी रात करीब दो बजे पत्नी भागवती बाई बर्मन उम्र 45 वर्ष से उसका झगड़ा हो गया। मृतक शुरू से ही पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था।



### कुल्हाड़ी से किए कई वार

पुलिस ने बताया कि कल्लू बर्मन का पुत्र दिप्पू उर्फ राहुल बर्मन महाकाली के जुलूस में गया था। दरमियानी रात घर वापस आया तो देखा कि माता-पिता झगड़ा कर रहे है। उसने पिता को समझाने की बहुत कोशिश की, इसी बीच कल्लू बर्मन ने पत्नी भागवती बाई पर घर में रखी कुल्हाड़ी से अनेक वार किए। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी और तड़फने लगी। जिसे छोड़कर कल्लू बर्मन फरार हो गया।



### बेटे ने पहुंचाया मां को अस्पताल

दरमियानी रात हुए झगड़े में जब बेटे ने अपनी मां को लहूलुहान हालत में तड़फते हुए देखा तो तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया और रात में ही गढ़ा थाने पहुंचकर अपने पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। फोटो- बबलू

### पेड़ पर लटका मिला शव

इधर घर से फरार हुआ कल्लू बर्मन ने इंद्रा बस्ती में एक पेड़ से लटककर, गमछे का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। जब सुबह लोगों ने प्रौढ़ को लटका हुआ देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

# पूर्व जनपद सीईओ बैंक लॉकरों को खंगालेंगी ईओडब्ल्यू

## महत्वपूर्ण दस्तावेज होने के सबूत मिले

**जबलपुर, यशभारत।** मंडला जनपद पंचायत के पूर्व प्रभारी सीईओ नागेंद्र यादव की चल-अचल संपत्ति करोड़ों रुपए होने का अनुमान जांच अधिकारी लगा रहे। इसके साथ ही लाखों रुपए कीमत के जेवर मिलने के बाद ईओडब्ल्यू ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। प्रारंभिक पड़ताल में यादव के बैंक में 3 अलग-अलग लॉकर होने के दस्तावेज मिले हैं। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीम दोपहर में बैंक पहुंचकर लॉकर खोलेगी। बैंक लॉकर में महत्तवपूर्ण दस्तावेज, आभूषण और नगदी रखे होने की चर्चा है। रात तक चली सर्चिज्ग में टीम को भोपाल कटरा स्थित एक और फ्लैट होने की जानकारी मिली है, जिसको वेरीफाई किया जा रहा है। नागेंद्र यादव द्वारा एलआईसी में लाखों रुपए का निवेश करने की जांच भी ईओडब्ल्यू अधिकारियों द्वारा शुरू कर दी गई है। ईओडब्ल्यू उपपुलिस अधीक्षक पीके जैन ने बताया कि कार्रवाई दौरान टीम को रिटायर्ड मुख्य कार्यपालन अधिकारी का एक मकान जबलपुर के तिलहरी, मण्डला के महाराजपुर में एक मकान, मंडला के महाराजपुर में व्यावसायिक काम्प्लेक्स, विनायक होम्स भोपाल में एक मकान, कटरा भोपाल में एक फ्लैट, आरोपी और पत्नी अनीता यादव के नाम से महाराजपुर मंडला में ढाई एकड़ कृषि भूमि, नागेंद्र और परिजनों के नाम से विभिन्न बैंकों में खाते, इलाहाबाद बैंक एवं स्टेट बैंक में लॉकर, स्कॉपिज्यो और 2 बाइक होने की जानकारी मिली है। जबलपुर स्थित मकान में एक लाख 84 हजार नगद, 300 ग्राम सोना मिला। मंडला में 300 ग्राम सोना और 2 किलो चांदी मिली।

**जांच में अब तक मिली करोड़ों की संपत्ति**

# शातिर चोरों से 5 बाइक जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर पुलिस ने आज शुक्रवार की सुबह बाइक चोर गैंग के दो शातिर आरोपियों को दबोच लिया है। जिनके कब्जे से 5 चोरी की मोटर सायकिल बरामद की गई हैं। पकड़े गए आरोपी बाहर के बताए जा रहे है जो वतज़्मान में गोहलपुर में रहकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है और पुलिस लंबे समय से उनकी तलाश में थी। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विकास ठाकुर और मनीष रायजादा दोनों वतज़्मान में गोहलपुर में रह रहे थे। दोनों की गतिविधियां संदेहास्पद थीं।

**गोहलपुर पुलिस की कार्यवाही ,दो आरोपी गिरफ्तार**

### रैकी कर उड़ा देते थे बाइक

जानकारी अनुसार दोनों पकड़े गए आरोपी इतने चालाक थे कि पहले क्षेत्र की रैकी करते थे और पूरे प्लान के अनुसार रैकी कर, नकली चाबी लगाकर वाहनों को उड़ाकर रफूचक्कर हो जाते थे।

### सस्ते का लालच देकर बेंच देते थे बाइक

आई तो सस्ती कीमत पर वाहन मुहैया कराने का लालच देकर, ग्राहकों को बिना कागजाद के वाहन बेंच देते थे। जब आरोपी ऐसे ही एक चुराई गई टू व्हीलकर का सौदा कर रहे थे, उसी समय आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। जिनके कब्जे से 5 टू व्हीलर जब्त की गई हैं।

### अन्य वारदातों का हो सकता है खुलासा

चोरी की वारदातों को अंजाम देने के बाद आरोपी वह इलाका छोड़कर अन्य जगह डेरा जमा लेते थे और वहां रैकी कर वाहनों को चोरी करते थे। पुलिस को शक के है पूवज़् में आरोपियों ने अनेक वाहनों को चुराकर बेंचा और कटवाया होगा। लिहाजा पुलिस आरोपियों से सख्ती से पूछताछ कर रही है, ताकि अन्य वारदातों का खुलासा हो सके।

# मेडिकल कालेज में Emergency Medicine विभाग प्रारंभ

## डॉ मयंक चंसौरिया प्रभारी विभागाध्यक्ष व नोडल अधिकारी

**जबलपुर।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग , नई दिल्ली के द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-2023 से सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में Dept. of Emergency Medicine प्रारंभ करना व स्थापित करना अनिवार्य किया गया है । राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के अधिसूचना के क्रियान्वायन हेतु नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर म॰ Emergency Medicine विभाग प्रारंभ एवं स्थापित किया गया है । इमरजेन्सी मेडिसिन विभाग के संचालन हेतु डॉ . मयंक चंसौरिया , प्रोफेसर ( डेजिग्नेट ) ऐनेस्थिसिया विभाग को प्रभारी विभागाध्यक्ष व नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है । इसमें पूरा इमरजेन्सी विभाग एवं आकस्मिक चिकित्सा विभाग शामिल होगा । विभाग स्थापित करने व उसके सुचारू संचालन हेतु आवश्यक सभी निर्णय अब प्रभारी विभागाध्यक्ष द्वारा संयुक्त संचालक एव अधीक्षक से समन्वय कर लिए जायेगें ।



# खिरहनी घाट में उतराता मिला अधेड़ का शव



जबलपुर, यशभारत। बरेला थाना के गौर अंतर्गत खिरहनी घाट में एक प्रौढ़ का शव उतराते हुए देख लोगों के रौंगटे खड़े हो गए। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और नागरिकों के एक दल ने शव को बाहर निकाला। प्रौढ़ जमतरा में रोज मां नर्मदा के दर्शन करने आता था। लेकिन दर्शन करते हुए सीढ़ियों से पैर फिसल जाने के कारण नदी में समा गया। जिसकी डूबने से मौत हो गयी। गौर चौकी प्रभारी नितिन पांडे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जमतरा के खिरहनी घाट में सूचना मिली कि एक प्रौढ़ का शव उतरा रहा है। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर शव को निकाला गया। जिसकी पहचान प्रेमलाल कोरी उम्र 45 वर्ष के रुप में हुई। जो गोराबाजार थाने के पीछे रहता था। पुलिस ने बताया कि शव मिलने के बाद आसपास पतासाजी की गई तो ज्ञात हुआ कि प्रेमलाल यहां रोज मां नर्मदा के दर्शन करने आता था। लेकिन उससे तैरते नहीं आता था। घटना के वक्त वह सीढ़ियों में खड़े होकर मां के दर्शन कर रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह सीधे नदी में गिर गया। जिसकी डूबने से मौत हो गयी। शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया गया है।

## प्रमाण पत्र पाकर खिले विद्यार्थियों चेहरे



**जबलपुर।** पुलिस की वर्किंग से स्टूडेंट को अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण कोर्स में सम्मिलित हुए बच्चों के सफल होने पर आज कंट्रोल रूम में उन्हें प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । उल्लेखनीय है कि बच्चों में नेतृत्व की क्षमता, सहानुभूति और पुलिस की वर्किंग 100 डायल आदि कार्यों की समुचित जानकारी देने हेतु ही पंडित लज्जा शंकर झा स्कूल और ब्यौहारबाग कन्या स्कूल के बच्चों को कंट्रोल रूम बुलाया गया और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए जिसमें प्रमुख रुप से एडिशनल एसपी रोहित कासवानी, एएसपी गोपालप्रससाद खांडेल सहित स्टाफ मौजूद था। **फोटो- अशोक बर्मन**

# रांझी में गैंगवार के दो आरोपी शिकंजे में

## 2020 में हुआ था काउंटर मामला दर्ज, रंजिशन दिया था फायरिंग की वारदात को अंजाम

जबलपुर, । रांझी के बड़ा पत्थर में 16 अक्टूबर को हुई फायरिंग के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। दोनों ने ही मिलकर दुर्गा पंडाल के पास भंडारा के दौरान दूसरी गैंग के ऊपर फायरिंग की थी। रांझी थाना प्रभारी विजय परस्ते ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गैंगवार के दोनों आरोपी सत्यम कुछवाहा और शिव पटैल को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के वक्त निक्की गुप्ता, अद्भुत बर्मन अपने साथियों के साथ बड़ा पत्थर के पास दुर्गा पंडाल के पास बैठे थे, तभी तरुण पटैल और उसके साथियों पर फायरिंग की गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि 2020 में दोनों ही गैंग के गुर्गों के बीच फायरिंग हुई थी। तरुण पटैल भी कुख्यात आरोपी है जिसका जिला बदर भी किया गया था।

# खेलते समय कुएं में गिरने से बच्चे की मौत

**जबलपुर यश भारत।** बीती रात खितौला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 8 वर्षीय बालक खेलते समय कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई । सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहल्ले के लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बालक को कुएं से बाहर निकाला और उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बीती रात खितौला के लकराम मोहल्ला वार्ड नंबर 13 का रहने वाला 8 वर्षीय समर्थ कुशवाहा पिता ओमप्रकाश कुशवाहा रात को अपने घर के समीप कुए के पास खेल रहा था इसी दौरान व खेलते खेलते कुएं में जा गिरा जब लोगों ने उसको कुएं में गिरते हुए देखा तो उसके बचाने का काफी प्रयास किया गया(

# ओएफके में वर्क्स कमेटी चुनाव 27 नवंबर को

## सभी यूनियनों की प्रबंधन के साथ बैठक में फैसला

**जबलपुर ,यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में आगामी 27 नवंबर को वर्क्स कमेटी चुनाव की तिथि तय कर दी गई है। इसकी अधिसूचना आज-कल में जारी कर दी जाएगी।चुनाव तिथि घोषित होते ही सभी यूनियनें सक्रिय हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधन ने सभी यूनियनों के पदाधिकारियों को गुरुवार को सुबह चर्चा के लिए आमंत्रित किया था।चर्चा में सबकी सहमति बनने के बाद प्रबंधन ने चुनाव कराने की घोषणा कर दी। उल्लेखनीय है कि इस बार चुनाव सबसे हट कर फैक्ट्री परिसर के ही अंदर होगा।पहले चुनाव की गतिविधियां बाहर अस्पताल और स्कूल में भी नजर आती थी।लेकिन इस बार अस्पताल और स्कूल स्टाफ इसमें भाग नहीं ले सकेगा।क्योंकि सरकार ने निगम बनाते समय अस्पताल और स्कूल को गैर उत्पादन इकाई के रूप में अलग कर दिया है।इसलिए वे औद्योगिक इकाई के कर्मचारी नहीं है।वर्क्स कमेटी चुनाव औद्योगिक इकाइयों में औद्योगिक विवाद अधिनियम1948के तहत संपन्न होते हैं। इसके साथ ही फैक्ट्री मे भी चुनावी परिदृश्य बदला हुआ होगा।पिछली वर्क्स कमेटी में लाल झंडा और तिरंगा झंडा ने चुनाव ल ? कर 5-5सीट यानि पूरी10 सीटें जीती थीं।इस बार संयुक्त समझोते के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।संभावना है कि इस बार सीधी टक्कर न होकर चतुष्कोणीय संघर्ष होगा।

# मेजर जनरल राउत पहुंचे एस क्यू ए ई

## एल पी आर में किया फायरिंग का निरीक्षण



**जबलपुर यशभारत।**मेजर जनरल निश्चय राऊत, नियंत्रक गुणता आश्वासन नियंत्रणालय खड़की पुणे का वार्षिक निरीक्षण हेतु एसक्यूएई एवं एलपीआर खमरिया में 21 अक्तूबर 2021 को आगमन हुआ ।उन्होंने खमरिया स्थित स्थापना संस्थान मे अधिकारियों के साथ वर्क्स कमेटी और जे सी एम सदस्यों से चर्चा की।उन्होंने संस्थान के कार्य कलापों पर संतोष व्यक्त किया।

मेजर जनरल निश्चय राउत आज दूसरे दिन एल पी आर परीक्षण रेंज पहुंचे और उन्होंने वहां पर तोप और बमों के परीक्षण का अवलोकन किया।बता दें कि मेजर जनरल निश्चय राउत के लिए एस क्यू ए ई और एल पी आर नया नहीं है।मेजर जनरल के पद पर पदोन्नत होने के पूर्व वे एस क्यू ए ई और एल पी आर के प्रमुख थे।उन्हीं के कार्यकाल में धनुष और सारंग तोप का पहली बार सफल परीक्षण एल पी आर मे किया गया था।इस मौके पर स्थानापन्न कमांडेंट कर्नल एस आर बर्बे कर्नल आई पी मिश्रा लेफ्टिनेंट कर्नल वी पी सिंह तपन शर्मा के साथ यूनियन जे सी एम और एसोसिएशन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।मेजर जनरल निश्चय राउत ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सभी से आने वाली चुनौतियों का सामना करने तैयार रहने के निर्देश दिये।

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )